NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 263 लखनऊ, बुधवार 08 मई 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कांग्रेस की सरकार आने पर एसटीएससी से छीनकर धार्मिक आधार पर दिया जाएगा आरक्षण ? पीएम मोदी ने शहजादे की कौन सी खतरनाक चाल का किया जिक्र

एजेंसी

नई दिल्ली कांग्रेस अब खुलेआम तुष्टीकरण और वोट बैंक का खेल खेल रही है। इंडी एलायंस वोट जिहाद की अपील कर रहा है। 26ध11 हमले के आतंकियों को क्लीन चिट दे रही है महाराष्ट्र कांग्रेस। जाहिर है, कांग्रेस का कसाब और पाकिस्तान के अन्य 10 आतंकवादियों से गहरा संबंध है। इंडी–अघाड़ी का एक ही एजेंडा है– ये सरकार में आएंगे तो मिशन कैंसिल चलाएंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण की सनक में शहजादे एक और खतरनाक चाल चल रहे हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आरक्षण का अधिकार दिया था। कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीनकर



उसे धर्म के नाम पर देना चाहती है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी अघाड़ी एक ही एजेंडे से चुनाव लड़ रही है और वह है शमिशन कैंसिलश... इन्होंने कहा इंडी वाले जब सरकार में आएंगे तो धारा 370 को फिर से लागू करेंगे, सीएए को कैंसिल करेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले राम मंदिर को भी कैंसिल करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान खत्म होने को है और साथ ही इंडी अघाड़ी की उम्मीदें भी खत्म हो गई है। पहले चरण में इंडी अघाड़ी पस्त हुआ, दूसरे में ध्वस्त हुआ और आज तीसरे चरण में इंडी अघाड़ी का कहीं अगर छोटा–मोटा दीया जल रहा था तो वह भी बुझ गया।कांग्रेस अब खुलेआम तुष्टीकरण और वोट बैंक का खेल खेल रही है। इंडी एलायंस वोट जिहाद की अपील कर रहा है। 26ध11 हमले के आतंकियों को क्लीन चिट दे रही है महाराष्ट्र कांग्रेस।

## भगवान के अस्तित्व को चुनौती देना और सनातन संस्कृति को गाली देना विपक्षी नेताओं के लिए फैशन बन गया – मुख्यमंत्री योगी'

### – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित'

सीतापुर/लखनऊ। भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना, देश की सत्ता को चुनौती देना, प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना आजकल विपक्षी नेताओं के लिए एक फैशन सा बन गया है। जब विनाश काले विपरीत बुद्धि होती है तो लोग ऐसा ही करते हैं। उन्हे मालूम होना चाहिये कि ये धरती ऋषियों और सनातनियों की है। वह केवल यज्ञ हवन तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि विपत्ति आने पर राक्षसों का नरसंहार भी करते थे। ऐसे में प्रभु राम और कृष्ण पर सवाल खड़ा करने वालों को हम कैसे स्वीकार कर सकते हैं। देश की जनता वोट की चोट के जरिये इसका हिसाब देगी। आज दुनिया सीतापुर और उत्तर प्रदेश की तरफ देख रही है क्योंकि जब कोई रामद्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास करता है तो नैमिष सामने आ खड़ा होता है। वह अपने शास्त्रीय प्रमाण से प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व को प्रकट करता है। यह साहस केवल नैमिषारण्य की धरती ही कर सकती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने




लोकसभा प्रत्यशी अशोक रावत के पक्ष में वोट की अपील की। 'प्रभु की सत्ता पर विश्वास करने वाला ही देश की आस्था का सम्मान कर सकता है' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने नैमिषारण्य के विकास के लिए विभिन्न कार्य किये हैं, जो आपको दिखने लगे हैं। आज अयोध्या जिस तरह से नई नजर आ रही है, वैसे ही नैमिषारण्य का भी नया स्वरुप सबके सामने है। यहां पर वायु सेवा और इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने जा रही है। वहीं यात्रियों के लिए विश्रामालय बनने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या, काशी और मां विंध्यवासिनी धाम की तरह मां ललिता धाम का भी पुनरोद्धार और सुंदरीकरण किया जा रहा है। इससे यहां के नौजवानों और व्यापारियों के लिए नये रोजगार का सृजन होगा। यह कार्य केवल वही कर सकता है, जो प्रभु की सत्ता पर विश्वास करता हो। यह काम भगवान राम और कृष्ण को नकारने वाले नहीं कर सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश नये भारत का दर्शन कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान हो रहा है।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में होगा कला प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ (आरएनएस)बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी की ओर से बीबीएयू के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर– शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागी ' स्त्री ' विषय पर कैनवास, कलमकारी, मंडाला एवं मधुबनी पेंटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकते हैं। प्रतिभागी 24 मई तक अपनी कला प्रतियों को जमा कर सकते हैं, जिसके आधार पर विजेताओं का चयन किया जायेगा। विजेताओं को इंटरनल कंप्लेंट कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिये जायेंगे। कार्यक्रम संयोजक एवं इंटरनल कंप्लेंट कमेटी की प्रमुख प्रो० आभा मिश्रा ने बताया, कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्त्रियों के स्तर में सुधार को बढ़ावा देना हैघ। जिससे सभी लोग कंधे से कंधा मिलाकर समाज में स्त्रियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान दें। इसके अतिरिक्त आयोजक मंडल में प्रो० दीपा राज, डॉ० आनंद सिंह, डॉ० ओ० पी० सैनी, डॉ० सुचित्रा चतुर्वेदी एवं श्रीमती अनीता अग्रवाल सम्मिलित हैं।

## जी.आई.एस. ग्लोबल इन्फार्मेशन सिस्टम सर्वे के माध्यम से भवनो का कर निर्धारण किया जा रहा

लखनऊ(आरएनएस)। नगर निगम सीमान्तर्गत जी.आई.एस. (ग्लोबल इन्फार्मेशन सिस्टम) सर्वे के माध्यम से भवनो का कर निर्धारण किया जा रहा है। प्रमुख सचिव द्वारा समीक्षा की गई की कतिपय प्रकरणो में जी आई एस आधारित कर निर्धारण पर भवन स्वामियों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही है। उक्त आपत्तियों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शुक्रवार को लालबाग स्थित मुख्यालय में जी.आई.एस. समाधान कैम्प का आयोजन प्रारम्भ किया जाय अत इसी क्रम में लखनऊ नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि जी.आई.एस. सर्वे के माध्यम से भवन का पुनरीक्षित गृहकर निर्धारण के विरुद्ध यदि कोई आपत्ति हो, तो 'प्रत्येक शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय नगर निगम में आयोजित जी.आई.एस. समाधान कैम्प में 'प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे' के मध्य उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा कर निराकरण कराया जा सकता है।

## राम–कृष्ण का अपमान करने वालों को वोट की ताकत से औकात पर ला दीजिए: योगी'

सीतापुर/लखनऊ(आरएनएस)। आप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हैं। कई पीढ़ियां जिस कार्य को नहीं देख पाईं, उसे हम सबने अपनी आंखों से देखा। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने बयान दिया है कि राम मंदिर का निर्माण बेकार हुआ है। यही बयान अगर वह किसी मुसलमान के खिलाफ दिये होते तो मुसलमान बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन आपके लिए उनके मन में जो भी आ जाए, वह बोल देंगे। क्या आप यह बर्दाश्त कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जो राम–कृष्ण व आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्हें चुनाव में वोट की ताकत दिखा दीजिए और औकात पर ला दीजिए।उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने मंगलवार को सेउता–बिसवां रोड पर आयोजित जनसभा में सीतापुर के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए सपा को चेताया कि यह लोग सत्ता से कोसों दूर हैं। चुनाव के बाद इनकी गर्मी अपने आप ठीक हो जाएगी।'रामभक्तों की मौत पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं'मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि



सपा नौजवानों के हाथों में तमंचे देती थी, हमने उन्हें टैबलेट दे दिया। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं तो माफिया–अपराधियों का रामनाम सत्य की यात्रा भी निकल रही है। सपा के लोग रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों की आरती उतारते हैं। उनके मुकदमे वापस लेते हैं। रामभक्तों के निधन पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं।'सर्वाधिक आवास व शौचालय सीतापुर में बने'मुख्यमंत्री ने सीतापुर व सेवता के नागरिकों के प्रति अपना लगाव प्रदर्शित किया। बोले कि यह जनपद भाजपा प्रत्याशियों के लिए शुभ है। जब भी मेरा आगमन हुआ है तो आपका आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को मिला। आपके आशीर्वाद से ज्ञान तिवारी विधायक बने और सांसद राजेश वर्मा के साथ मिलकर बाढ़ की समस्या के समाधान में लगभग पूरी सफलता प्राप्त कर ली है। देश में गरीबों को सबसे अधिक आवास व शौचालय सेवता विधानसभा और सीतापुर जनपद को मिला। सर्वाधिक किसान सम्मान निधि का लाभ सीतापुर जनपद को मिला है। आपने अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुना है, इसलिए आपका जनपद विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ा है। यहां गरीब कल्याणकारी योजनाएं भी खूब आ रही हैं।'जल्द ही सीतापुर में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें' मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में हाइवे बन रहे हैं। नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनें चल रही हैं। एक्सप्रेसवे के साथ–साथ सीतापुर में हमारी सरकार ने नैमिषारण्य का भव्य पुनरोद्धार किया है। अब हम सीतापुर को इलेक्ट्रिक बस से जोड़ने की कार्रवाई बढ़ा रहे हैं। यहां की सभी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान के हिमायती लोगों को बताइए कि भारत को तोड़कर बने पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं। एक किलो आटा के लिए छीनझपटी हो रही है और भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। 'गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं हमारे विधायक–सांसद'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे विधायक व सांसद गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं। इन लोगों ने इलाज के लिए शासन से गरीबों को सुविधाएं और पैसे उपलब्ध करवाए हैं। सपा–कांग्रेस के समय यह पैसा गरीबों को नहीं देते थे, बल्कि बांट लेते थे। लेकिन उप्र सरकार बेटी के जन्म से लेकर शादी–विवाह के योग्य होने तक का खर्च उठा रही है। भाजपा गरीब कल्याणकारी योजना, सुरक्षा, विकास व सम्मान दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीन करोड़ ड्रोन दीदी लखपति दीदी के रूप में बनाने का संकल्प लिया है। डबल इंजन सरकार इन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का कार्य करेगी।'सीतापुर का लाल शहीद हो गया और सपाई आतंकवादियों का समर्थन करते हैं'

मुख्यमंत्री ने सीतापुर वासियों से भावनात्मक संवाद भी स्थापित किया। बोले कि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय यहां की माटी का लाल है। उन्होंने भारत के लिए कारगिल में विजयश्री का वरण किया और दुश्मनों के छक्का छुड़ाते हुए बलिदान हो गए। यह कांग्रेसी–सपाई आतंकवादियों, गोहत्या का समर्थन और राम मंदिर का विरोध करते हैं। आपको ऐसे लोगों का समर्थन नहीं करना है। कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन देश की बीमारी है। इस बीमारी को जितनी जल्दी दूर करेंगे, उतना जल्दी भारत विकसित बनेगा। इस अवसर पर संत प्रेमदास जी महराज, सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, निर्मल वर्मा, आशा भदौरिया महमूदाबाद, पूर्व विधायक सुनील वर्मा समेत कई संतजन भी मौजूद रहे।

## क्या अल्पमत में है हरियाणा नायब सरकार! तीन निर्दलीय विधायकों ने लिया अपना समर्थन वापस

एजेंसी।

चंडीगढ़। तीन विधायकों–सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों विधायकों ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को झटका देते हुए



तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। तीन विधायकों–सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों विधायकों ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। गोंदर ने कहा, ''हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम अब कांग्रेस के साथ हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने किसानों से जुड़े मुद्दों सहित विभिन्न मुद्दों पर यह निर्णय लिया है।'' उदय भान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''तीन निर्दलीय विधायकों –सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने भाजपा नीत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और कांग्रेस को अपना समर्थन देने का फैसला किया है।'' उदय भान ने कहा, ''मैं यह भी कहना चाहता हूं कि (90 सदस्यीय) हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें से भाजपा के 40 सदस्य हैं।

## रिजिजू ने राहुल गांधी को लिया आड़े हाथ, पूछा चीन और पाकिस्तान से इतना प्रेम क्यों है ?

एजेंसी।

नई दिल्ली केंद्रीय मंत्री किरण किरण रिजिजू ने चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार की रणनीति थी कि वह चीन के साथ लगी हुई सीमा पर रोड, ब्रिज जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण नहीं करती थी। कांग्रेस की सोच थी कि ऐसा करने पर चीन भारत की सीमा में दाखिल हो सकता है।चुनाव यात्रा को लेकर प्रभासाक्षी की टीम मुंबई पहुंची। जहां हमारे एडिटर नीरज कुमार दुबे ने केंद्रीय मंत्री किरण किरण रिजिजू से बात की है। चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर रिजिजू ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार की रणनीति थी कि वह चीन के साथ लगी हुई सीमा पर रोड, ब्रिज जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण नहीं करती थी। कांग्रेस की सोच थी कि ऐसा करने पर चीन भारत की सीमा में दाखिल हो सकता है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व की सरकार कि इस नीति को बदला और चीन की सीमा से लगे क्षेत्र में काफी विकास किया और यह चीन के साथ सीमा विवाद की एक प्रमुख वजह है। उन्होंने कहा कि चीन ने 1962 के पहले जो भारत की जमीन पर कब्जा किया था उसके बाद खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद वह 1 इंच जमीन भी कब्जा नहीं कर पाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह हाल फिलहाल में ही लद्दाख जाएंगे और कुछ दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश से होकर आए हैं अब हमारी सीमा पर कोई खतरा नहीं है। सुरक्षा बलों के पास अब अत्याधुनिक साजो–समान है। मूलभूत सुविधाओं का विकास हो चुका है इसलिए अब हमारी सीमाएं बहुत हद तक सुरक्षित हैं। कांग्रेस पार्टी पर उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने देश की सुरक्षा के साथ बहुत समझौता किया था। कांग्रेस की नीति हमेशा आतंकवाद को समर्थन करना और देश विरोधी तत्वों को बढ़ावा देने की रही है। यही वजह है कि हाल ही में पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने राहुल गांधी की तारीफ भी



की है। देश की सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लोगों को असल मुद्दों से भटका रही है। रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अर्बन नक्सल और माओवादियों के साथ मिलकर देश को नुकसान पहुंचाने की साजिश भी रच रही है। उज्जवल निकम को लेकर उन्होंने कहा कि आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले निकम एक देशभक्त वकील हैं। उनको देश विरोधी बताना कांग्रेस की मानसिकता को स्पष्ट करता है। उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें देश की कोई चिंता नहीं है। राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली जाने पर उन्होंने कहा कि राहुल बोलते कुछ और हैं करते कुछ और। उन्हें खुद नहीं पता रहता है कि वह क्या बोल रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं से भी कहते हैं कि डरो मत जबकि खुद अमेठी छोड़कर भाग गए। विदेशों में छुट्टियां अधिक मनाने के कारण उन्हें देश के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं रहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली अब किसी की जागीर नहीं है और किसी परिवार विशेष का कब्जा अब वहां नहीं चलेगा। इसलिए देश मोदी जी के साथ है और हम मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं ।

## बिहार की पांच लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 56.01 प्रतिशत मतदान हुआ

एजेसी।

पटना बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में क्रमशः 53.29, 58.91, 58.57, 54.92 और 54.35 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इन सीट पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 9848 मतदान केंद्र बनाये गए। पटना। बिहार के पांच लोकसभा क्षेत्रों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में 98.6 लाख मतदाताओं



में से लगभग 56.01 प्रतिशत ने मंगलवार शाम पांच बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में क्रमशः 53.29, 58.91, 58.57, 54.92 और 54.35 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इन सीट पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 9848 मतदान केंद्र बनाये गए। इन पांच सीट पर कुल 54 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के पाँचवें चरण की

## 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के पांचवे चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173–लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन–2024 के लिए 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया, संवीक्षा तथा नाम वापसी के बाद 144 प्रत्याशी तथा 173–लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 04 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।34–मोहनलालगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से कौशल किशोर, समाजवादी पार्टी से आर0के0 चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पक्ष से बृजेश कुमार विक्रम, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से एस0एल0 सिंह, आम जनता पार्टी (इंडिया) से सुनीता छेदा पासी, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से सूरज कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में जितेन्द्र कुमार, महेन्द्र, रमेश कुमार, सुशील कुमार रावत है।35–लखनऊ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद सरवर मलिक, समाजवादी पार्टी से रविदास मेहरोत्रा, भारतीय जनता पार्टी से राज नाथ सिंह, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से मो0 अहमद उर्फ रिंकू, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से कपिल मोहन चौधरी, हिन्दु समाज पार्टी से गौरव वर्मा, किसान विश्व पार्टी से बृजेश कुमार यादव, सरवर पार्टी से सरवर अली, निर्दलीय प्रत्याशियों में अखंड प्रताप सिंह, इश्तियाक अली है।36–रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से ठाकुर प्रसाद यादव, भारतीय जनता पार्टी से दिनेश प्रताप सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राहुल गांधी, अखिल भारतीय अपना दल से दिलीप सिंह, अपना दल (कमेरावादी) से मु0 मोबिन, मानवतावादी समाज पार्टी से हिन्द रोहिताश, भारतीय पंचशील पार्टी से सुरदर्शन राम, निर्दलीय से होरीलाल है।37–अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडियन नेशनल कांग्रेस से किशोरी लाल, बहुजन समाज पार्टी से नन्हे सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी से स्मृति इरानी, जनशक्ति समता पार्टी से दिनेश चन्द्र मौर्य, मौलिक अधिकार पार्टी से भगवानदीन पासी, संयोगवादी पार्टी से शैलेन्द्र कुमार मिश्र, समझदार पार्टी से सन्तराम, राष्ट्रीय नारायणवादी विकास पार्टी से मो0 हसन लहरी, निर्दलीय प्रत्याशियों में उदयराज, खुशीराम, चन्द्रावती, जगदम्बा प्रसाद यादव, सुरेन्द्र कुमार हैं। 45–जालौन (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से नारायण दास अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से भानु प्रताप सिंह वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से सुरेश चन्द्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नगेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में प्रेमलता वर्मा, बृज मोहन हैं। 46–झांसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनुराग शर्मा, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से प्रदीप जैन 'आदित्य', बहुजन समाज पार्टी से रवि प्रकाश, अपना दल (कमेरावादी) से चन्दन सिंह, अल–हिन्द पार्टी से इं0 दीपक कुमार वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशियों में इन्द्र सिंह, गनेशराम, धर्मेन्द्र प्रताप, रमेश, लखन लाल हैं।47–हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अजेन्द्र सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से निर्दोष कुमार दीक्षित, भारतीय जनता पार्टी से कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अनुपम कुमार त्रिपाठी, अल हिन्द पार्टी से धर्मराज, राष्ट्र उदय पार्टी से ब्रजेश कुमार पाल, एकलब्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी से संजीव कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में भुवनेन्द्र नारायण सिंह, राजेश सिंह, सन्तोष कुमार हैं। 48–बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल, बहुजन समाज पार्टी से मयंक द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी से आर0के0 सिंह पटेल, राष्ट्र उदय पार्टी से गुलाब चन्द्र वर्मा, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से दिनेश कुमार पटेल, भागीदारी पार्टी (पी) से पंचा उर्फ पंचमलाल, अपना दल (कमेरावादी) से प्रमोद आजाद, लोग पार्टी से बाबूलाल, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से रामचन्द्र सरस, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्रीराम सिंह गौर, स्वतंत्र जनता राज पार्टी से सुरेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी में रामचरन है।49–फतेहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से नरेश चन्द्र उत्तम पटेल, भारतीय जनता पार्टी से निरंजन ज्योति, बहुजन समाज पार्टी से मनीष सिंह सचान, परिवर्तन समाज पार्टी से कमलेश कुमार सिंह, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी से जय चन्द्र कुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से नीरज कुमार, विकास इंसाफ पार्टी से नीरज लोधी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से राज बहादुर, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राजेश कुमार पटेल, राष्ट्र उदय पार्टी से रामकिशोर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से राम बिहारी, निर्दलीय प्रत्याशियों में कुलदीप कुशवाहा, जितेन्द्र कुमार मौर्या, पंकज अवस्थी, बीरेन्द्र सिंह हैं। 50–कौशाम्बी (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से पुष्पेन्द्र सरोज, भारतीय जनता पार्टी से विनोद कुमार सोनकर, बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण, अपना दल (कमेरावादी) से नरेन्द्र कुमार, मानवतावादी समाज पार्टी से राम आसरे, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से रामेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशियों में पुष्पेन्द्र कुमार सरोज, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र सोनकर उर्फ पन्ना भैया, संजय कुमार है।53–बाराबंकी (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडियन नेशनल कांग्रेस से तनुज पुनिया, भारतीय जनता पार्टी से राजरानी रावत, बहुजन समाज पार्टी से शिव कुमार दोहरे, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी से आशा देवी, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से प्रेमचंद्र हरिजन, अवामी समता पार्टी से महेन्द्र कुमार रावत, पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट इंडियन पार्टी से प्रो0 (डॉ) राम गुलाम राजदान, डा. भीमराव अम्बेडकर दल से एडवोकेट सन्तोष रावत, निर्दलीय प्रत्याशियों में ओमकार, देवतादीन गौतम, बाबूराम, मिथलेश कुमारी, राम लखान पासी है।54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अवधेश प्रसाद, भारतीय जनता पार्टी से लल्लू सिंह, बहुजन समाज पार्टी से सच्चिदानन्द पाण्डेय, राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी से अनिल कुमार रावत, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से अरविन्द सेन, भारत महापरिवार पार्टी से अंबरीश देव गुप्ता, मौलिक अधिकार पार्टी से कंचन यादव, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी उर्फ बी0डी0 त्रिपाठी, निर्दलीय

# 01 मार्च से 06 मई तक कुल 35534.65 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 06 मई, 2024 तक कुल 35534.65 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3401.31 लाख रुपये नकद धनराशि, 4929.58 लाख रुपये कीमत की शराब, 23839.07 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1171.61 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 06 मई, 2024 को कुल 1354.94 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 26.22 लाख रुपये नकद धनराशि, 38.59 लाख रुपये कीमत की 18114.91 लीटर शराब, 1290.12 लाख रुपये कीमत की 1723242 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।06 मई, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद बुलन्दशहर की बुलन्दशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 855.73 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 17,11,418 ग्राम (1711.41 किलोग्राम) ड्रग, जनपद खीरी की पलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 220.40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 416 ग्राम ड्रग, जनपद प्रतापगढ़ की कुण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 80.40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 402 ग्राम ड्रग, जनपद सोनभद्र की घोरावाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 35 ग्राम ड्रग, जनपद मिर्जापुर की चुनार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 200 ग्राम ड्रग तथा जनपद सहारनपुर की गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। इसके अतिरिक्त जनपद सम्भल की सम्भल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 18 लाख रुपये नकद धनराशि पकड़ी गयी।

# अब तक कुल 1,44,51,954 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,44,51,954 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 88,76,828 तथा निजी स्थानों से 55,75,126 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,86,832, पोस्टर के 40,64,831, बैनर के 24,84,017 एवं अन्य 13,41,148 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,73,152, पोस्टर के 25,80,157 बैनर के 13,94,810 एवं अन्य 8,27,007 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 123 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 115 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही में 23,70,280 लोग पाबन्द किये गये

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 06 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4704 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,90,559 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 23,70,280 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8886 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8978 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 504 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3902 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 170 केन्द्रों को सीज किया गया।06 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25276 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 80 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 83 कारतूस व 14 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 53 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

# मेदांता में सुपर स्पेशलिज्डअस्थमा–एलर्जी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

लखनऊ(आरएनएस)।रू मेदांता हॉस्पिटल ने 7 मई 2024 को विश्व अस्थमा दिवस के शुभ अवसर पर अपने अत्याधुनिक अस्थमा–एलर्जी क्लिनिक के उद्घाटन के साथ अपनी सुपर स्पेशलाइज्ड पल्मोनरी एंड स्लीप मेडिसिन सेवाओं का विस्तार किया है। इस क्लिनिक में डॉक्टरों की टीम मरीजों को उनके अस्थमा से सम्बंधित जरूरत के अनुसार इलाज प्रदान करेगी। इसके साथ–साथ अस्थमा का पूर्ण मूल्यांकन, बीमारी के बारे में मरीजों को पूरी जानकारी, परामर्श और बायोलॉजिकल ड्रग्स जैसी नई चिकित्सा पद्धतियों की आवश्यकता का भी आकलन किया जाएगा। अस्थमा–एलर्जी क्लिनिक का उद्घाटन मेदांता अस्पताल, लखनऊ के चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश कपूर द्वारा किया गया। पल्मोनरी और स्लीप मेडिसिन के इंचार्ज एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. जुगेन्द्र सिंह ने अस्थमा से जुड़ी प्रचलित भ्रांतियों को दूर किया और अस्थमा के खिलाफ मरीजों को सशक्त बनाने में अस्थमा क्लिनिक की भूमिका के महत्व को बताया। अस्थमा एलर्जी क्लिनिक के प्रभारी डॉ अभिषेक टंडन ने अस्थमा को पहचानने और उसके इलाज पर बेहद जानकारी पूर्ण व्याख्यान दिया। डॉ. टंडन ने रोगियों के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता और व्यक्तिगत उपचार योजना विकसित करने पर जोर देते हुए कहा, षक्लिनिक का अस्थमा की मुश्किल स्टेज से जूझ रहे व्यक्तियों पर विशेष ध्यान होगा, जहां पूरी तरह से प्रोटोकॉल आधारित बायोलॉजिकल थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी का प्रावधान किया जाएगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार करेगा।ष बच्चों में अस्थमा की संभावना पर प्रकाश डालते हुए, बाल रोग पल्मोनोलॉजी विभाग की प्रभारी और अस्थमा विशेषज्ञ डॉ. वेल्लुवली पीवाईके प्रसन्ना ने कहा, ष्अस्थमा के प्रभाव को कम करने के लिए समय पर इस मर्ज की पहचान और उसके उपचार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने लाइव सेशन में आम लोगों के साथ बातचीत की, जिसमें बच्चों में अस्थमा के इलाज में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित मरीजों को मुफ्त अस्थमा परामर्श और पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) की सुविधा दी गई । अस्थमा एलर्जी क्लिनिक की शुरुआत, व्यक्तिगत देखभाल पर ध्यान देने के साथ, समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और अस्थमा के रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मेदांता के अटूट समर्पण को दर्शाती है।

# हार की हताशा से बौखलाई भाजपा

लखनऊ(आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी तथा चित्रा निषाद बाथम ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर आज तीसरे चरण का मतदान हुआ है। पहले दो चरणों की हार की हताशा से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं से दुर्व्यवहार पर उतर आई है और प्रदेश की जनता को वोट देने के उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने की कुचेष्टा की गई है। आज उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग में कई संसदीय क्षेत्रों से यह खबर आई है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर जनता को उनके मत देने के अधिकार से वंचित किया है। कहीं पर लाठीचार्ज किया गया तो कहीं बलपूर्वक जनता को पोलिंग बूथों से भगा दिया गया। संसदीय क्षेत्र संभल, मैनपुरी बदांयु, एटा, ऑवला, आगरा, में व्यापक रूप से मतदाताओं को मतदान करने से रोकने की खबरें आई हैं। संभल संसदीय क्षेत्र में बर्बरतापूर्वक पुलिस द्वारा मतदाताओं पर लाठीचार्ज किये जाने के वीडियो रोंगटे खड़े करने वाले है। संभल लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कुंदरकी, बिलारी, चन्दौसी, संभल, असमोली समेत सभी विधानसभाओं में मतदाताओं के साथ मारपीट की खबरें आ रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि देश की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ भाजपा की सरकार इतना संवेदनहीन और अमानवीय व्यवहार कर रही है समूचे उत्तर प्रदेश का मतदाता इन घटनाओं का संज्ञान ले रहा है। आने वाले अगले चार चरणों में भारतीय जनता पार्टी को इस अराजकता पूर्ण व्यवहार के लिए चौतरफा हार का मुंह देखना पडेघ्गा। कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव की अपेक्षा करती है और उम्मीद करती है कि आने वाले चार चरणों में भाजपा सरकार के ऐसे प्रशासकीय दुरूपयोग की पुनरावृत्ति नहीं होने देगा।

# समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने साथियों सहित दिया इस्तीफा,

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से निकले हुए प्रदीप सिंह बब्बू ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।बब्बू उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति प्रदेश संयोजक भी हैं और नौजवानों में भी अच्छी पकड़ रखते हैं। प्रदीप सिंह के साथ समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षित राजवीर और ऑल इंडिया मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय महासचिव मो हारून राईन ने भी इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही साथियों के साथ मिलकर अगले राजनीतिक कदम पर निर्णय लेंगे। बब्बू ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन लोगों से घिरे है जिनकी राजनीति उनके ही इर्द–गिर्द और उनकी कृपा पर निर्भर है।उनकी सलाह पार्टी की निर्णयों पर विपरीत असर डालती है।जिससे जमीनी लोग समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव से दूर होते जा रहे है। पार्टी लोहिया और नेता जी की समाजवादी नीतियों और सिद्धांतों से दूर होती जा रही है।

# भाजपा के नेताओं की हर बात झूठी निकली– अखिलेश यादव



लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज इटावा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे, अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राजाराम पाल तथा उन्नाव लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी अन्नू टण्डन के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ जमकर मतदान कर रही है। हार सामने देख भाजपा के लोग बौखला गये हैं। किसान, नौजवान, मजदूर और आम जनता भाजपा को सबक सिखा रहे है। पहले दो चरणों में भाजपा का सफाया हो चुका है। तीसरा चरण समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन का रहा है। इसमें भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जैसे–जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, भाजपा की गर्मी नीचे आ रही है। जो लोग हवा में उड़ रहे थे, जनता ने उन्हें जमीन दिखा दिया है। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। दस सालों से झूठ बोला। किसानों, नौजवानों, महिलाओं सभी से विश्वासघात किया। भाजपा के नेताओं की हर बात झूठी निकली। इनके हर फैसले ने देश को संकट में डाला। खोखले नारे देकर जनता का शोषण किया। भाजपा सरकार किसानों की जमीन और फसल छीन कर उद्योगपतियों को देना चाहती थी। इसीलिए तीन काले कृषि कानून लेकर आयी थी। हमारे बहादुर किसानों ने काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया।कहा कि इस सरकार ने किसान आंदोलन को कुचलने के लिए हर हथकंडा अपनाया। आंदोलन में एक हजार किसान शहीद हो गये। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया। सड़कों पर कील लगवा दिया, दीवार खड़ी करा दी। ट्रैक्टरों को डीजल नहीं दिया लेकिन हमारे किसान संघर्ष करते रहे। किसानों के संघर्ष और एकजुटता का नतीजा रहा है कि भाजपा सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े।अखिलेश यादव ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार आयी है तबसे महंगाई और कर्ज से एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार ने डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के साथ–साथ हर चीज के दाम बढ़ा कर महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया। खाद की बोरी से 5–5 किलो खाद निकाल लिया। किसानों को अब बोरी की खाद कम मिलती है। इस सरकार ने उद्योगपतियों का तो 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। किसान कर्ज से दबा हुआ है। भाजपा सरकार दस साल तक अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाती रही। तमाम तरह के टैक्स बढ़ाकर किसानों और आम जनता को लूटती रही। जो मोटर साइकिल 10 साल पहले 50 हजार रूपये की थी आज दोगुनी हो गई। मंड़ी में तब चाय एक रूपये की थी अब चाय कितने रूपये की है सबको पता है। कहा कि इस सरकार ने नौजवानों के साथ बहुत बड़ा छल किया है। नौजवान भर्ती परीक्षा के लिए मेहनत से पढ़ाई करता रहा। परिवार की गाढ़ी कमाई पढ़ाई पर खर्च करता रहा लेकिन भाजपा सरकार ने नौकरियां नहीं निकाली। जो कुछ भर्तियां निकली थी उनके पेपर लीक करा दिए। भाजपा सरकार में दस भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। इस सरकार ने लाखों नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया है। इसी तरह से फौज की नौकरी को अग्निवीर करके चार साल की कर दी। चार साल बाद ये अग्निवीर नौजवान क्या करेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। यह सरकार बाबा साहब के संविधान को बदल कर जनता के अधिकार और पिछड़ों, दलितों के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। भाजपा के तमाम नेता संविधान बदलने की बातें कर रहे है। देष की जनता को सावधान रहना होगा। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना है। भाजपा सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को संकट में डाला है। कहा कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं को नुकसान पहुंचाया है। क्या किसी को पता था भाजपा सरकार नोटबंदी करेगी? क्या किसी को पता था कि किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लाएगी? क्या किसी को पता था कि सार्वजनिक संस्थाओं को निजी हाथों में बेच देगी? क्या किसी को पता था कि भाजपा सरकार रेलवे, हवाई अड्डा, पोर्ट सब कुछ बेंच देगी? क्या किसी को पता था कि लेटरल इंट्री के द्वारा अपने चहेतों की बड़े पदों पर भर्ती करके पिछड़े, दलितों को आरक्षण छीन लेगी? लेटरल एंट्री के द्वारा नौकरी पाने वाले लोग तीन साल नौकरी कर विदेश भाग गये। इसी तरह से भाजपा आरक्षण बदलना चाहती है। संविधान बदला तो अधिकार छिन जायेगा, आरक्षण और नौकरी छीन लेंगे।अखिलेश यादव ने कहा कि दूसरों को भ्रष्टाचारी कहने वाले भाजपाइयों का भ्रष्टाचार अभी कुछ दिन पहले पकड़ा गया। इन्होंने चंदे की चोरी की। इलेक्टोरल बांड के नाम पर भ्रष्टाचार और लूट की। बीजेपी के लोगों ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दबाव बना कर उद्योगपतियों से हजारों करोड़ रूपये की वसूली की। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैण्ड बजा दिया है। उद्योगपतियों से तो चंदा वसूला ही। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी करोड़ों रूपये वसूल लिया। चंदा वसूल कर सबको वैक्सीन लगवा दिया।

# पुतिन ने रूसी राष्ट्रपति के रूप में अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया



बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। पुतिन का नया कार्यकाल 2030 तक जारी रहेगा और इसके बाद वह राष्ट्रपति के अगले कार्यकाल की दावेदारी के लिए संवैधानिक रूप से एक बार फिर से पात्र बन जाएंगे।मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में स्थित राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में मंगलवार को आयोजित एक भव्य समारोह में व्लादिमीर पुतिन ने देश के राष्ट्रपति के रूप में अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया। पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को परास्त करने के अलावा यूक्रेन में विनाशकारी युद्ध की शुरुआत के साथ ही खुद को और अधिक शक्तिशाली साबित किया है। पुतिन अब अगले छह वर्षों तक देश के राष्ट्रपति पद पर रहेंगे। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। पुतिन का नया कार्यकाल 2030 तक जारी रहेगा और इसके बाद वह राष्ट्रपति के अगले कार्यकाल की दावेदारी के लिए संवैधानिक रूप से एक बार फिर से पात्र बन जाएंगे। ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के अंदर आयोजित समारोह में पुतिन ने रूसी संविधान पर अपना हाथ रखा और इसकी रक्षा करने की कसम खाई।इस दौरान चुनिंदा गणमान्य हस्तियां वहां मौजूद थीं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम देश वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। अब देखना यह है कि 71 वर्षीय पुतिन अगले छह वर्षों के दौरान देश और विदेश दोनों मोर्चों पर रूस को कहां लेकर जाएंगे।

# व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली रूस के राष्ट्रपति पद की शपथ, पश्चिमी देशों ने उद्घाटन समारोह से बनाई दूरी

यूक्रेन में आक्रमण शुरू करने के दो साल बाद, रूसी सेनाएं यूक्रेन में अपनी पकड़ बना रही हैं और झुलसी–पृथ्वी रणनीति को तैनात कर रही हैं क्योंकि कीव पुरुषों और गोला–बारूद की कमी से जूझ रहा है। दोनों पक्षों को भारी नुकसान हो रहा है. फरवरी में एक भाषण में, पुतिन ने यूक्रेन में मास्को के लक्ष्यों को पूरा करने और हमारी संप्रभुता और हमारे नागरिकों की सुरक्षा की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक है वह करने की कसम खाई। यूक्रेन में विनाशकारी युद्ध शुरू करके और अपने राजनीतिक विरोधियों को नष्ट करके सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद, व्लादिमीर पुतिन ने अपना पांचवां कार्यकाल शुरू करने के लिए मंगलवार को क्रेमलिन में एक शानदार उद्घाटन समारोह में रूसी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। चूंकि यूक्रेन संघर्ष को लेकर पश्चिमी देशों के साथ रूस का तनाव चरम पर है, इसलिए इनमें से कई देशों ने हाई–प्रोफाइल उद्घाटन में शामिल न होने का विकल्प चुना है। पहले से ही लगभग एक चौथाई सदी तक पद पर रहने वाले और जोसेफ स्टालिन के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले क्रेमलिन नेता, पुतिन का नया कार्यकाल 2030 तक समाप्त नहीं होगा, जब वह संवैधानिक रूप से अगले छह वर्षों तक शासन करने के योग्य होंगे। 71 वर्षीय राष्ट्रपति ने रूस को आर्थिक पतन से उबरते हुए एक ऐसे देश से बदल दिया है जो वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा है। यूक्रेन में आक्रमण शुरू करने के दो साल बाद, रूसी सेनाएं यूक्रेन में अपनी पकड़ बना रही हैं और झुलसी–पृथ्वी रणनीति को तैनात कर रही हैं क्योंकि कीव पुरुषों और गोला–बारूद की कमी से जूझ रहा है। दोनों पक्षों को भारी नुकसान हो रहा है. फरवरी में एक भाषण में, पुतिन ने यूक्रेन में मास्को के लक्ष्यों को पूरा करने और हमारी संप्रभुता और हमारे



नागरिकों की सुरक्षा की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक है वह करने की कसम खाई। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका और अधिकांश यूरोपीय संघ के देश मंगलवार को राष्ट्रपति के रूप में नए छह साल के कार्यकाल के लिए व्लादिमीर पुतिन को शपथ दिलाने के लिए क्रेमलिन समारोह का बहिष्कार करेंगे, लेकिन फ्रांस और कुछ अन्य यूरोपीय संघ के राज्यों से कीव की अपील के बावजूद एक दूत भेजने की उम्मीद थी। यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के दो साल से अधिक समय बाद रूसी नेता को कैसे संभालना है, इस पर पश्चिमी शक्तियों की अलग–अलग राजनयिक प्रतिक्रिया ने मतभेदों को रेखांकित किया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमने निश्चित रूप से उस चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं माना, लेकिन वह रूस के राष्ट्रपति हैं और वह वहां बने रहेंगे।

# इमिग्रेशन पर कोई छूट नहीं, जयशंकर के बयान पर कनाडा के मंत्री का पलटवार




भारतीय विदेश मंत्री अपनी राय रखने के हकदार हैं। मैं उसे अपने मन की बात कहने दूँगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने केबल पब्लिक अफेयर्स चौनल (सीपीएसी) के साथ एक साक्षात्कार में जयशंकर की टिप्पणियों पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त करते हुए कहा कि यह सटीक नहीं है। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कथित तौर पर जुड़े तीन भारतीयों की हालिया गिरफ्तारी के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी का विरोध किया। मिलर ने जयशंकर की उस टिप्पणी पर कहा कि कनाडा संगठित अपराध से जुड़े लोगों को देश में प्रवास की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। मिलर ने उन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की कि तीन भारतीय नागरिकों ने छात्र वीजा पर कनाडा की यात्रा की थी। हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री अपनी राय रखने के हकदार हैं। मैं उसे अपने मन की बात कहने दूँगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने केबल पब्लिक अफेयर्स चौनल (सीपीएसी) के साथ एक साक्षात्कार में जयशंकर की टिप्पणियों पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त करते हुए कहा कि यह सटीक नहीं है।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में नई दिल्ली की चेतावनियों के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े भारत के व्यक्तियों का स्वागत करने के लिए कनाडा की आलोचना की। जयशंकर ने दावा किया कि कनाडा में श्पाकिस्तान समर्थक झुकावश वाले कुछ व्यक्तियों ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लॉबी बनाई है। जब आरोपी की वीजा स्थिति के बारे में पूछा गया, तो मंत्री मिलर ने चल रही पुलिस जांच के कारण विशिष्ट जानकारी देने से परहेज करते हुए कहा कि ऐसी पूछताछ रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निर्देशित की जानी चाहिए। जयशंकर ने मुक्त भाषण की आड़ में अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के समर्थकों को अनुमति देने के लिए ट्रूडो सरकार की आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोगों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का उपयोग कर रहा है, एक लॉबी बना रहा है और जस्टिन ट्रूडो की अल्पमत सरकार के लिए वोट बैंक बन गया है।

# इजरायल सेना का मिस्र के साथ लगे Rafah क्रश्वसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर नियंत्रण

इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में लक्षित हमले कर रही है।यरूशलम। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार से मंगलवार की रात तक दक्षिणी गाजा पट्टी में रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर परिचालन नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में लक्षित हमले कर रही है। इसमें कहा गया है कि अभियान में हमास के 20 आतंकवादी मारे गए और सुरंग में तीन शाफ्ट की खोज की गई। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि निकासी क्षेत्र में मौजूद अधिकतर लोग वहां से चले गए हैं। इजराइली रक्षा बलों और फलस्तीन के अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर के ठीक दक्षिण में क्रॉसिंग को इजराइली टैंकों ने अपने कब्जे में ले लिया है। ये टैंक हथियारों से लैस ब्रिगेड का हिस्सा हैं। फलस्तीनी क्रॉसिंग अथॉरिटी के प्रवक्ता वाएल अबू उमर ने कहा कि क्रॉसिंग युद्धग्रस्त पट्टी में मानवीय सहायता का मुख्य प्रवेश द्वार था, जो कि सेवा से बाहर था। अबू उमर ने कहा, "कल से (रफह का) पूरा पश्चिमी क्षेत्र अभियान का युद्ध क्षेत्र बन गया है।

# गाजा विरोध प्रदर्शन के कारण ग्रेजुएशन सेरेमनी किया रद्द, कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने लिया फैसला



विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने स्नातक स्तर की पढ़ाई को कैसे संभालना है, यह तय करने के लिए छात्र नेताओं से परामर्श किया था। अधिकांश समारोह, जो मॉर्निंगसाइड हाइट्स परिसर में होने वाले थे, जहां अधिकांश विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य एथलेटिक परिसर में ले जाया जाएगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय ने सोमवार को फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद छोटे, स्कूल–आधारित कार्यक्रमों के पक्ष में अपने विश्वविद्यालय–व्यापी स्नातक समारोह को रद्द कर दिया, जिसने विश्वविद्यालय परिसर को हिलाकर रख दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, 15 मई को होने वाला ग्रेजुएशन समारोह फिलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शन के कारण रद्द कर दिया गया है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने एक बयान में कहा, ष्हमने अपनी प्रारंभिक गतिविधियों का केंद्रबिंदु अपने कक्षा दिवसों और स्कूल–स्तरीय समारोहों को बनाने का फैसला किया है, जहां छात्रों को 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय–व्यापी समारोह के बजाय उनके साथियों के साथ व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाता है। विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने स्नातक स्तर की पढ़ाई को कैसे संभालना है, यह तय करने के लिए छात्र नेताओं से परामर्श किया था। अधिकांश समारोह, जो मॉर्निंगसाइड हाइट्स परिसर में होने वाले थे, जहां अधिकांश विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य एथलेटिक परिसर में ले जाया जाएगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन कुछ दिनों से चल रहा है और अमेरिका भर के दर्जनों अन्य विश्वविद्यालयों में भी इसी तरह के प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी, अपनी ओर से गाजा में स्थायी युद्धविराम, इजराइल के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता को समाप्त करने और इजराइल की घुसपैठ से लाभ कमाने वाली कंपनियों से विश्वविद्यालय विनिवेश की मांग कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क पुलिस ने चोरी और अतिक्रमण के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें कम से कम 30 छात्र, पूर्व छात्र और कोलंबिया के कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने व्यापक ध्यान आकर्षित करने वाले विरोध शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को सीमा पार हमले का नेतृत्व किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य को बंधक बना लिया था।

# क्या युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं रूस–अमेरिका ? पश्चिमी देशों के खिलाफ पुतिन का परमाणु अभ्यास



परमाणु–युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के विपरीत ये पूरे शहरों को नष्ट कर सकती हैं। युद्ध के मैदान पर सैनिकों के खिलाफ उपयोग के लिए सामरिक परमाणु हथियार कम शक्तिशाली होते हैं और उनकी क्षमता लगभग एक किलोटन जितनी कम हो सकती है। रूस ने कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध में करीब से शामिल होने की संभावनाओं को लेकर पश्चिमी देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक के बाद एक टिप्पणियों से बढ़े तनाव के बीच वह युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर सैन्य अभ्यास करने की योजना बना रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पांचवे कार्यालय की शुरुआत की पूर्व संध्या पर यह घोषणा की गयी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सामरिक परमाणु हथियारों के उपयोग का अनुकरण करने वाले अभ्यास आयोजित करने की योजना बनाई है। यह घोषणा क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध के बारे में वरिष्ठ पश्चिमी अधिकारियों की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास रूसी संघ के संबंध में कुछ पश्चिमी अधिकारियों के उत्तेजक बयानों और धमकियों के जवाब में है।परमाणु–युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के विपरीत ये पूरे शहरों को नष्ट कर सकती हैं। युद्ध के मैदान पर सैनिकों के खिलाफ उपयोग के लिए सामरिक परमाणु हथियार कम शक्तिशाली होते हैं और उनकी क्षमता लगभग एक किलोटन जितनी कम हो सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा पर गिराया गया अमेरिकी बम 15 किलोटन का था। ऐसे युद्धक्षेत्र के परमाणु हथियार हवाई बम, कम दूरी की मिसाइलों के लिए हथियार या तोपखाने के हथियार बहुत कॉम्पैक्ट हो सकते हैं। उनका छोटा आकार उन्हें ट्रक या विमान पर सावधानी से ले जाने की अनुमति देता है। रणनीतिक हथियारों के विपरीत सामरिक हथियार कभी भी ऐसे किसी समझौते द्वारा सीमित नहीं किए गए हैं, और रूस ने उनकी संख्या या उनसे संबंधित कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया है।24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव को सैन्य समर्थन बढ़ाने से हतोत्साहित करने के लिए पश्चिमी देशों को मॉस्को की परमाणु ताकत के बारे में बार–बार याद दिलाया है। पुतिन ने रूस की रक्षा के लिए आवश्यक सभी साधनों का उपयोग करने की चेतावनी के जरिए मास्को के परमाणु शस्त्रागार की याद समय समय पर दिलाई है।क्रेमलिन ने मैक्रों के बयान को बताया खतरनाक फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले हफ्ते दोहराया था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने से इनकार नहीं करते हैं और ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि कीव की सेनाएं रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटिश लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने में सक्षम होंगी। क्रेमलिन ने उन टिप्पणियों को खतरनाक बताया, जिससे रूस और नाटो के बीच तनाव बढ़ गया। युद्ध ने पहले ही मॉस्को और पश्चिम के बीच संबंधों पर काफी दबाव डाल दिया है। यह पहली बार नहीं था कि यूक्रेन के लिए यूरोप के सैन्य समर्थन ने रूसी अधिकारियों को परेशान किया है और परमाणु हमले के लिए प्रेरित किया है। पिछले साल मार्च में यूके सरकार द्वारा यूक्रेन को खत्म हुए यूरेनियम वाले कवच–भेदी गोले प्रदान करने के निर्णय के बाद, पुतिन ने घोषणा की कि उनका इरादा बेलारूस के क्षेत्र पर सामरिक परमाणु हथियार तैनात करने का है।

# इंग्लैंड में बढ़ती फिलिस्तीन समर्थक भावनाएं, चुनाव में जीत के बाद मुस्लिम काउंसलर ने लगाए 'अल्लाह–हू–अकबर' के नारे



ब्रिटिश दैनिक के अनुसार, उन्होंने अपने अभियानों के दौरान गाजा संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किया और मतदाताओं से उन्हें भरपूर समर्थन मिला, जिससे देश भर के टाउन हॉल में चीजें बदल गईं। इन नए पार्षदों में से कुछ ने फिलिस्तीनी झंडे के रंग वाले बैज पहने थे, और अन्य ने कहा कि उनकी जीत गाजा के लोगों के लिए थी।लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन ब्रिटिश विश्वविद्यालय परिसरों तक पहुंच गया है। निर्वाचित होने के बाद एक पार्षद ने अल्लाहु अकबर का नारा लगाया। द डेली मेल के अनुसार, 40 से अधिक फिलीस्तीनी समर्थक प्रचारकों ने इंग्लैंड में पार्षदों के रूप में सीटें जीती हैं। ब्रिटिश दैनिक के अनुसार, उन्होंने अपने अभियानों के दौरान गाजा संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किया और मतदाताओं से उन्हें भरपूर समर्थन मिला, जिससे देश भर के टाउन हॉल में चीजें बदल गईं। इन नए पार्षदों में से कुछ ने फिलिस्तीनी झंडे के रंग वाले बैज पहने थे, और अन्य ने कहा कि उनकी जीत गाजा के लोगों के लिए थी। एक विजेता, मोतिन अली तो अपनी जीत को गाजा के लोगों को समर्पित किया। द टेलीग्राफ के अनुसार, अली की पार्टी, ग्रीन पार्टी, पार्षद की जांच कर रही है। लीड्स में जिप्टन और हरेहिल्स वार्ड जीतने वाले मोथिन अली ने कहा था कि 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों के दिन फिलिस्तीन को ष्वापस लड़नेष् का अधिकार था। द टेलीग्राफ के अनुसार, उन्होंने पहले प्रदर्शनकारियों की धमकियों के कारण छिपने के लिए मजबूर एक यहूदी पादरी को जानवर बताया था। नवनिर्वाचित पार्षदों ने कम से कम 12 टाउन हॉलों में, लेबर उम्मीदवारों को हराया। इससे विपक्ष के नेता कीर स्टार्मर को उन मतदाताओं का विश्वास वापस जीतने का वादा करना पड़ा, जिन्हें लगा कि उन्होंने फिलिस्तीन का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम वोट समूह ने स्टार्मर को 18 मांगों की एक सूची भी दी, जिसमें इजराइल के साथ ब्रिटेन के सैन्य संबंधों को समाप्त करना और फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देना शामिल है। शीर्ष टोरीज ने अपनी चिंता व्यक्त की कि चुनावों के कारण टाउन हॉल स्थानीय सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय विदेशी मामलों के बारे में चर्चा से भरे रहेंगे। यह समाज को खंडित करने और एकजुट होने के बजाय अल्पसंख्यकों का गठबंधन बनाने के वामपंथियों के प्रयास का परिणाम है। यह बहुत है डेली मेल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री जैकब रीस–मोग के हवाले से कहा कि यह बड़े पैमाने पर देश के लिए विभाजनकारी है।

# जयशंकर ने किया पश्चिमी देशों के दबाव का जिक्र, फिर भी...क्यों रूस नहीं भूल पाएगा ये अहसान ?

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस यूक्रेन के बीच युद्ध के बीच भारत के उन फैसलों का जिक्र किया जो देश हित में लिए गए थे। एस जयशंकर ने कहा कि हम पर बहुत दबाव था कि हम रूस से तेल न लें। कुछ देशों ने इसे एक सिद्धांत का विषय बना लिया कहा कि ये आपकी मॉरल ड्यूटी है कि आप रूस से तेल नहीं लेंगे। पश्चिमी देशों के विरोध के बावजूद भारत ने वही किया जो देशहित में था। विश्वबंधु भारत विषय पर बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि कैसे तमाम खिलाफत के बावजूद भारत अपने फैसलों पर अडिग रहा और रूस से व्यापार करना नहीं छोड़ा। अगर भारत पश्चिमी देशों के बहकावे में आता तो उसका खामियाजा यहां की जनता को झेलना पड़ता। सबसे ज्यादा इसका असर तेल की कीमतों पर पड़ता। क्या पता उस वक्त देश में 20 रुपये से ज्यादा तेल महंगा हो जाता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस यूक्रेन के बीच युद्ध के बीच भारत के उन फैसलों का जिक्र किया जो देश हित में लिए गए थे। एस जयशंकर ने कहा कि हम पर बहुत दबाव था कि हम रूस से तेल न लें। कुछ देशों ने इसे एक सिद्धांत का विषय बना लिया कहा कि ये आपकी मॉरल ड्यूटी है कि आप रूस से तेल नहीं लेंगे।एक तो वो खुद खरीद रहे थे। एक्शन कुछ और था और उनके शब्द कुछ और थे। अगर उस समय हम दब जाते झुक जाते। अगर हम कहते कि अच्छा ठीक है हम आपकी बात मानते हैं। हम भी खाड़ी और अरब देशों से खरीदते। यूरोप भी रूस से इतर वहीं जा रहा था। मेरे लिए प्रधानमंत्री के निर्देश बहुत साफ थे। मैं भारत के कंज्यूमर का हित सर्वप्रथम है राजनीतिक कारण की वजह से हमारे लोगों को दिक्कत हो। अगर ये निर्णय नहीं लेते तो 10–20 रुपए बढ़ जाता। जयशंकर ने कहा कि हम यूक्रेन की बात करते हैं तो अगर आज पेट्रोल की कीमत कम है तो इसका कारण यह है कि हमने रूस से तेल खरीदने का साहस किया। अगर सुरक्षा से संबंधित अन्य मामले हैं या सीओवीआईडी घ्घ्घ्समय के दौरान मोदी जी द्वारा अर्जित सम्मान है, तो यह उनकी कूटनीति के कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीय सुरक्षित घर लौट आएझ केंद्रीय मंत्री ने यूक्रेन, मध्य पूर्व में युद्ध, अरब सागर में समस्या, चीन सीमा पर तनाव और साथ ही दक्षिण चीन सागर में समस्याओं का उल्लेख करते हुए दुनिया में चल रही समस्याओं को रेखांकित किया।

# टी 20 वर्ल्डकप के लिए एसकेवाई कर रहे सीक्रेट तैयारी, भारत के मिस्टर 360 ने किया खुलासा


आईपीएल खेलते हुए भी भारतीय खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने इसके बारे में जानकारी दी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेहतरीन शतक बनाने के बाद सूर्या जियो सिनेमा पर कमेंट्री पैनल से बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप भी दिमाग में है। टी20 वर्ल्ड कप करीब है। आईपीएल खेलते हुए भी भारतीय खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने इसके बारे में जानकारी दी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेहतरीन शतक बनाने के बाद सूर्या जियो सिनेमा पर कमेंट्री पैनल से बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप भी दिमाग में है। इसको लेकर वह खास तरह से तैयारी कर रहे हैं और दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस कर रहे हैं। बता दें कि, हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में सूर्या ने 51 गेंदों पर 102 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 6 शानदार छक्के भी लगाए। सूर्या की इस पारी की बदौलत तीन विकेट गंवाकर संकट में फंसी मुंबई ने ये मैच जीत लिया। वहीं इस दौरान जब सूर्या से पूछा गया कि टी20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है। इसको लेकर आपकी तैयारी कैसी चल रही है। इस सवाल के जवाब में भारतीय बल्लेबाज ने अपना राज खोला। उन्होंने



बताया कि भले हम आईपीएल खेल रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं दिमाग में टी20 वर्ल्ड कप चल तो रहा ही है। सूर्या ने बताया कि इसको लेकर भी मैं तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस करने ग्राउंड पर पहुंच जा रहा हूं। इसके पीछे की वजह बताते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि असल में यूएसए और वेस्टइंडीज में मैच दिन के वक्त ही खेले जाने हैं। इसलिए मैं अभी दिन में बैटिंग कर रहा हूं ताकि ये अभी से आदत में आ जाए और वहां जाने के बाद एकदम से नया ना लगे।

# दौड़ में बने रहने के लिये लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती , मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल



नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।सनराइजर्स हैदराबादरू पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद,भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल। लखनऊ सुपर जाइंट्स रू केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

# खराब मौसम के कारण कोलकाता में नहीं उतरी केकेआर की फ्लाइट, अचानक गुवाहाटी में करना पड़ा लैंड

कोलकाता नाइट राइडर्स की फ्लाइट कोलकाता पहुंची। लेकिन लैंड नहीं कराया जा सका। इसके बाद फ्लाइट को गुवाहाटी डायवर्ट किया गया। दरअसल, इस दौरान फ्लाइट में बैठे खिलाड़ियों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था।सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स की फ्लाइट कोलकाता पहुंची। लेकिन लैंड नहीं कराया जा सका। इसके बाद फ्लाइट को गुवाहाटी डायवर्ट किया गया। दरअसल, इस दौरान फ्लाइट में बैठे खिलाड़ियों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था, लेकिन आप जानना चाहेंगे कि फ्लाइट को कोलकाता से गुवाहाटी क्यों डायवर्ट करना पड़ा। दरअसल,



कोलकाता में मौसाम बेहद खराब था जिस कारण फ्लाइट को गुवाहाटी डायवर्ट कर दिया। हालांकि, गुवाहाटी में फ्लाइट लैंड करने में कामयाब रही। वहीं बता दें कि, सोमवार को कोलकाता में तेज आंधी और बिजली के साथ बारिश हुई। इस दौरान तकरीबन 1 घंटे तक कोलकाता एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही बाधित रही। साथ ही 12 चार्टेड फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया। कोलकाता से फ्लाइट डायवर्ट होने के बाद केकेआर की फ्लाइट गुवाहाटी पहुंची। जहां खिलाड़ियों को लगभग 2 घंटे बिताने पड़े। फिर दोबारा कोलकाता के लिए उड़ान भरने की अनुमति मिल गई। इससे पहले इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली केकेआर ने लखनऊ सुपर जांयट्स को 98 रनों के बड़े अंतर से हराया। वहीं अब कोलकाता नाइट राइडर्स प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है। केकेआर के 11 मैचों में 16 प्वाइंट्स हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के भी 16 पॉइंट्स हैं। लेकिन बेहतर रन रेट के कारण केकेआर टॉप पर काबिज हो पाई है। वहीं दोनों टीमों का प्लेऑफ में खेलना तय है। इसके बाद सीएसके 12 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के भी बराबर 12–12 प्वाइंट्स हैं।

# हमें हराना मुश्किल होगा... राजस्थान के खिलाफ मुकाबले से पहले रिकी पोंटिंग का बयान

प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को अपने बाकी बचे तीन मैच जीतने होंगे। इसलिए मुख्य कोच रिकी पोटिंग का मानना है कि अगर ऋषभ पंत और टीम 40 ओवरों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तो उन्हें हराना मुश्किल होगा। आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने होमग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम पर राजस्थान रॉयल्स से होगा। दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे तीन मैच जीतने होंगे। इसलिए मुख्य कोच रिकी पोटिंग का मानना है कि अगर ऋषभ पंत और टीम 40 ओवरों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तो उन्हें हराना मुश्किल होगा। आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने होमग्राउंड अरुण जेटली



स्टेडियम पर राजस्थान रॉयल्स से होगा। वहीं पोंटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि, कोलकाता के खिलाफ हमारा पिछला प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ में से एक नहीं था, लेकिन अब हम घर पर वापस आ गए हैं। हमने यहां अपने तीन में से दो मैच जीते हैं। रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले को लेकर रिकी पोंटिंग ने कहा कि, हम जानते हैं कि हम एक बहुत अच्छी राजस्थान टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। लेकिन जैसा कि हमने टूर्नामेंट में अब तक देखा है कि अगर 40 ओवरों तक अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल सकते हैं तो मैं गारंटी देता हूं कि हमें हराना मुश्किल होगा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम किसके खिलाफ खेल रहे हैं या हम कहां खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि, हम किसी को भी हरा सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स मौजूदा आईपीएल सीजन में लगातार मैच नहीं जीत पाई है। अपने पिछले 11 मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और 6 में हार का सामना करना पड़ा है। इसलिए डीसी के लिए आखिरी तीन गेम जीतना अहम है, फिर भी इससे उनके केवल 16 अंक ही होंगे, जो अंतिम चार में स्थान सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं। केकेआर और आरआर के साथ, कम से कम तीन टीमें हैं, चेन्नई सुपर किंग्स (11 खेलों से 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (10 खेलों से 12 अंक), और लखनऊ सुपर जायंट्स (11 खेलों में 12 अंक), जो 16 अंक के निशान को पार कर सकती हैं।

# पहले पाकिस्तान टीम में कलह! बाबर आजम–इमाद वसीम में कहासुनी–

वीडियो सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में कप्तान बाबर आजम और इमाद किसी बात को लेकर बहस करते हुए दिख रहे हैं। कुछ समय पहले ही इमाद वसीम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बाबर से कोई तकलीफ नहीं है।टी20 वर्ल्ड कप के लिए सभी टीमों का ऐलान हो चुका है लेकिन पाकिस्तान ने अभी तक अपने स्क्वॉड का ऐलान नहीं किया है। फिलहाल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए अपनी 17 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान जरूर किया है, जिसके बाद इसी में से 15 खिलाड़ी आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल होंगे। वहीं पाकिस्तान के इस स्क्वॉड में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम



की वापसी हुई है। साथ ही इन दिनों पाकिस्तान टीम आयरलैंड के दौरे पर निकलने से पहले लाहौर में ट्रेनिंग कैंप में प्रैक्टिस कर रही है। इस बीच कप्तान बाबर आजम और इमाद वसी के बीच नोकझोंक का वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बता दें कि, मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप को लेकर दोनों ने ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया। जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान स्क्वॉड में वापसी मिल गई है। पाकिस्तान की प्रैक्टिस सेशन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद आमिर के बीच तोड़ी अनबन देखने को मिल रही है। ये वीडियो कितना सही है या गलत इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन ये वीडियो सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में कप्तान बाबर आजम और इमाद किसी बात को लेकर बहस करते हुए दिख रहे हैं। कुछ समय पहले ही इमाद वसीम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बाबर से कोई तकलीफ नहीं है। इमाद वसीम ने इंटरव्यू में कहा था कि, हमारा बाबर आजम से कोई इश्यू नहीं हैं, वह टीम का कप्तान है और हम सब उसको सपोर्ट कर रहे हैं हो सकता है बाबर आजम इसलिए फिर से कप्तान बनाया गया है क्योंकि वे हमें वर्ल्ड कप ट्रॉफी दिलाएगा। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 भारत में खेला गया था, जहां पाकिस्तान क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी।

# धोनी की पैर की मांसपेशियां फट चुकीं, फिर भी सीएसके के खेल रहे हैं आईपीएल

एमएस धोनी पूरे आईपीएल 2024 सीजन के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट से जूझ रहे हैं। इससे उनकी दौड़ने की क्षमता काफी हद तक सीमित हो जाती है, जिससे उनके लिए टॉप क्रम में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है, जहां विकेटों के बीच दौड़ना अहम है। एमएस धोनी आईपीएल 2024 में सबसे नीचे बल्लेबाजी करने आ रहे हैं। रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ 122 रनों के स्कोर पर चेन्नई सुपर किंग्स के 6 विकेट गिर जाने के बाद सभी को उम्मीद थी कि धोनी बल्लेबाजी करने आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। धोनी की जगह शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे। जबकि धोनी नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। धोनी के इस फैसले के बाद कई दिग्गज उनकी आलोचना कर रहे हैं, लेकिन अब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सीएसके के सूत्रों ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि एमएस धोनी पूरे आईपीएल 2024 सीजन के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट से जूझ रहे हैं। इससे उनकी दौड़ने की क्षमता काफी हद तक सीमित हो जाती है, जिससे उनके लिए टॉप क्रम में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है, जहां विकेटों के बीच दौड़ना अहम है। डॉक्टरों ने एमएस धोनी को आराम करने की सलाह दी है, लेकिन सीएसके की टीम खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण कमजोर हो गई है, बैकअप विकेटकीपर डेवोन कॉनवे भी चोट के कारण न्यूजीलैंड से नहीं आए, इसलिए अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज खुद को ब्रेक देने के बारे में नहीं सोच पाए। धोनी दवा के साथ अपने दर्द को मैनेज कर रहे हैं

# पैर पर पैर रखकर बैठते हैं तो हो जाएं सावधान, बिगड़ सकती है सेहत, ये आदत कर सकती है परेशान

पैर पर पैर रखकर बैठना बहुत से लोगों की आदत होती है. ऐसा करना उन्हें कंफर्टेबल लगता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक पैर के ऊपर दूसरा पैर चढ़ाकर बैठने से पेल्विक एरिया में बोन एलाइनमेंट की समस्या हो सकती है. इससे ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित हो सकता है. रिसर्च में पाया गया है कि क्रॉस लेग बैठने वालों में कई परेशानियां होती है. ऐसे में आइए जानते हैं क्रॉस लेग पोस्चर सेहत पर कैसे असर डालता है. ..पैर पर पैर रखकर बैठने के नुकसानहाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लमबीपी चेक करते समय दोनों पैरों को डॉक्टर जमीन पर रखने को कहते हैं. क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है. दरअसल, जमीन पर दोनों पैर रखने से ब्लड फ्लो बेहतर रहता है. रिसर्च में पाया गया है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से ब्लड प्रेशर टेम्परारी स्पाइक होने का जोखिम हो सकता है. ऐसा घुटनों से पैरों को क्रॉस करके बैठने से होता है.वैरिकोज वेन्स की परेशानीजब खून ब्लड वेन्स से गुजरते हुए हार्ट तक नहीं पहुंच पाते या पंपिंग होने के बावजूद ब्लड फ्लो में परेशानी होती है, तब वेन्स में ब्लड बैक फ्लो होने लगता है, इससे वैरिकोज वेन्स की समस्या हो सकती है. इसका असर शरीर के कई अंगों पर पड़ सकता है. ऐसा ब्लड क्लॉट की वजह से होता है. क्रॉस लेग करके बैठने से कई और समस्याएं हो सकती हैं.प्रेगनेंसी में समस्या हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर प्रेगनेंट महिलाएं क्रॉस लेकर करके बैठती हैं तो इस पोस्चर से उन्हें परेशानी हो सकती है. दरअसल, इस दौर में महिलाओं के शरीर में कई बदलाव होते रहते हैं. इनमें मसल्स क्रैम्प, पीठ दर्द काफी आम है. जब महिला पैर पर पैर रखकर बैठती है तब मां के साथ ही बच्चे को भी नुकसान पहुंच सकता है. इससे लेग क्रैंप, जॉइंट पेन जैसी दिक्कतें आ सकती हैं



# पेट में जलन को शांत करने के लिए करें इन 5 खाद्य पदार्थों का सेवन

बढ़ते तापमान के बीच लोगों को पेट में जलन महसूस होने लगती है, जिसके कारण उलटी भी आ सकती हैं। अपच और एलर्जी इस समस्या के मुख्य कारण हो सकते हैं।पेट में लगातार हो रही जलन को ठीक करने के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए।हालांकि, आप इस परेशानी का घरेलू उपचार करने के लिए खान–पान में इस्तेमाल होने वाली कुछ चीजों का उपयोग भी कर सकते हैं। इसे शांत करने के लिए ये खाद्य–पदार्थ खाएं।केला जब आपको अचानक पेट में जलन महसूस हो तो केला खाने से आराम मिल सकता है। केले एंटासिड से भरपूर हैं, जो आपके पेट की जलन से लड़ सकते हैं।इन प्राकृतिक एंटासिड प्रभावों के कारण केले को पचाना भी आसान होता है। यह अपच और बदहजमी जैसे लक्षणों को दूर करने में भी मदद कर सकता है।रोजाना अपनी डाइट में एक केला शामिल करने से आपके पेट का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जलन ठीक होगी।

बेकिंग सोडारसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा भी पेट की जलन को शांत करने का कारगर उपाय होता है। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाने से यह काउंटर एंटासिड की तरह काम कर सकता है।यह खाद्य–पदार्थ पेट की एसिडिटी को कम करके अपच को दूर करने में मदद करता है। बेकिंग सोडा एक एल्कलाइन पदार्थ है, जो पेट के एसिड को बेअसर करके पेट की जलन, सूजन और गैस से राहत प्रदान कर सकता है।च्युइंग गमजब आपको किसी ऐसी जगह पर पेट में जलन शुरू हो जाए, जहां खाने की चीजें मिलना मुश्किल हो तो आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। च्युइंग गम चबाना आपके पेट की परेशानियों को दूर करने का एक असरदार तरीका है।इससे मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है, जिससे खाने की नली में भरा एसिड साफ होता है। हालांकि, पुदीने के स्वाद वाला च्युइंग गम न खाएं।यह आपकी जलन की समस्या में इजाफा ला सकता है।दूधसभी के घर में रोजाना चाय का सेवन होता ही है, जो गैस और जलन को बढ़ा सकता है। इसके बजाए जलन महसूस होने पर आप एक गिलास ठंडा



दूध पीएं।इसमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो पेट में भरे एसिड को कम करता है। एसिड के कम हो जाने पर लिहाजा आपको अपच और अन्य पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।आप पेट का स्वास्थ्य दुरुस्त करने के लिए फेर्मेंटेड पेय पी सकते हैं।सौंफसौंफ एक एंटीस्पास्मोडिक जड़ी बूटी है, जो अपच को दूर करने के लिए जानी जाती है। साथ ही यह आपको पेट में होने वाली जलन से भी आराम दिला सकती है।रोजाना भोजन करने के बाद एक चम्मच सौंफ खाएं, जिससे पेट में जलन की परेशानी खत्म हो जाएगी। सौंफ पेट में ऐंठन जैसी अन्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं को भी शांत करने में मदद करेगी।आप डाइट में सौंफ का पानी शामिल करके भी पेट को स्वस्थ रख सकते हैं।

# फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज, प्रतीक–दिव्येंदु की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार


रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपनी अपकमिंग फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज किया. इस स्पेशल पोस्टर की थीम से पता चलता है कि इसमें फायर फाइटर्स की एक ब्रेव स्टोरी दिखाई जाएगी. फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, जितेंद्र जोशी, सई ताम्हणकर, सैयामी खेर, उदित अरोड़ा और कबीर शाह जैसे कलाकार शामिल हैं. राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित अग्नि एक खास कहानी होने का दावा करती है जिसमें उन रियल हीरोज की कहानी दिखाई जाएगी जो अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाते हैं.अग्नि के इस पोस्टर में प्रतीक गांधी को धांसू लुक में देखा जा सकता है. इस पोस्टर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है, साथ ही साहस, सम्मान और बलिदान का एक पावरफुल मैसेज भी गूंजता है. अग्नि के साथ, एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने दर्शकों के लिए एक और मनोरंजक कहानी पेश करने के लिए तैयार है. इस फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, जितेंद्र जोशी, सई ताम्हणकर, सैयामी खेर, उदित अरोड़ा और कबीर शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे. कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस



की सफलता के बाद प्रतीक और दिव्येदु की जोड़ी को एक बड़े पर्दे पर देखना फैंस के लिए डबल डोज होगा. रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, अग्नि राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित है. हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट ऑफिशियली सामने नहीं आई है और जल्द ही यह सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है.

# द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग, श्रीकांत तिवारी बन फिर धूम मचाने को तैयार मनोज बाजपेयी

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं। मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के दमदार किरदार में नजर आने वाले हैं। अभी तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई भी अपडेट सामने नहीं आई है।फैमिली मैन के दोनों सीजन के हिट होने के बाद अब इसका तीसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं फैमिली मैन 3 को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। फैमिली मैन 3 की शूटिंग की घोषणा करते हुए प्राइम वीडियो ने दो फोटो शेयर



की है। पहली तस्वीर में क्लैपिंग बोर्ड दिख रहा है। वहीं, दूसरी फोटो में मनोज बाजपेयी, सुमन कुमार और राज एंड डीके नजर आ रहे हैं।

राज–डीके द्वारा क्रिएटेड और डायरेक्टेड सुमन कुमार और राज एंड डीके द्वारा लिखित मच अवेटेड सीरीज फैमिली मैन के तीसरे सीजन में पूरानी कास्ट वापस दिखाई देने वाली है, जिनमें प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति तिवारी), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) का नाम शामिल हैं।

# अल्लू अर्जुन के मास ट्रैक पुष्पा–पुष्पा ने किया वर्ल्डवाइड धमाका, 50 मिलियन से ज्यादा व्यूज किया हासिल

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट से भी मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का इंतजार तो उनके फैंस बेसब्री से कर रहे है. फिल्म का हाल ही में पहला गाना पुष्पा–पुष्पा रिलीज हुआ है. सॉन्ग पुष्पा–पुष्पा तेलुगू और दिंही समेत 6 भाषाओं में रिलीज हुआ है. पुष्पा–पुष्पा में अल्लू अर्जुन का डांस एक बार फिर छा गया है. इसमें साउथ सुपरस्टार के तीन पॉपुलर स्टेप्स हैं, जिसमें शूज, चाय और मोबाइल स्टेप्श शामिल हैं. अब सॉन्ग पुष्पा–पुष्पा यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है. पुष्पा–पुष्पा ना सिर्फ घरेलू बल्कि इंटरनेशनल ऑडियंस को भी हिट कर रहा है. अब सॉन्ग पुष्पा–पुष्पा ने अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड कर लिया है. पुष्पा–पुष्पा पहला ऐसा गाना बन गया है, जिसने 6 भाषाओं में सबसे जल्दी 50 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं. वहीं, इंस्टाग्राम पर इस पर 1 लाख से ज्यादा रील्स बन



चुकी हैं. इस मौके पर पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें यह आंकड़ा बताया है. बता दें, तेलुगू और हिंदी के साथ–साथ यह गाना तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में भी रिलीज हुआ है.इस गाने को मिका सिंह और नकाश अजीज ने गाया है. वहीं, देवी श्री प्रसाद सॉन्ग पुष्पा–पुष्पा के कंपोजर हैं. तेलुगू में इसे नकाश अजीज, तमिल में दीपक ब्लू, हिंदी में मिका सिंह, कन्नड़ में विजय प्रकाश, मलयालम में रंजीत गोविंद और बंगाली में इसे तिमिर बिस्वास ने गाया है. फिल्म की रिलीज डेट के बारे में बता दें, यह मौजूदा साल के स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होगी. इस फिल्म को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है, जिसमें अल्लू अर्जुन के अपोजिट एक बार फिर रश्मिका मंदाना नजर आएंगी.

# आनंद देवराकोंडा की फिल्म गम गम गणेशा की आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज डेट भी आई सामने

युवा अभिनेता आनंद देवराकोंडा, जिन्होंने डोरसानी, मिडिल क्लास मेलोडीज और पुष्पका विमानम जैसी फिल्मों से टॉलीवुड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, ने साई राजेश द्वारा निर्देशित बेबी के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई। वह अब गम गम गणेशा नाम से एक एक्शन एंटरटेनर लेकर आ रहे हैं। हाल ही में जारी दिलचस्प फर्स्ट लुक, टीजर और गाने ने सभी का ध्यान खींचा।प्रगति श्रीवास्तव ने मुख्य भूमिका निभाई है। गम गणेशा उदय शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म का निर्माण हाई–लाइफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले केदार सेलागामाशेट्टी और वामसी करुमांची द्वारा किया गया है। आज, निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ बहुप्रतीक्षित रिलीज डेट की घोषणा की।पोस्टर में आनंद देवरकोंडा एक चट्टान पर खड़े होकर बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं, जिसमें से गुलाब की पंखुडियां निकल रही हैं. पोस्टर का बैकग्राउंड लाल रंग से भरा है और तारीख पीले रंग में रखी गई है। यह फिल्म 31 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सिनेमाघरों में कॉमेडी, अराजकता और भ्रम बहुत जल्द शुरू हो जाता है। निर्माता मई की शुरुआत से क्रिएटिव प्रमोशन की योजना बना रहे हैं।चौतन भारद्वाज ने गम गम गणेशा के लिए संगीत तैयार किया है। कार्तिका श्रीनिवास आर फिल्म की संपादक हैं। फिल्म के सह–निर्माता अनुराग परवाथेनी हैं। फिल्म में करिश्मा, वेनेला किशोर, जबरदस्त इमैनुएल और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।फिल्म के आकर्षण को बढ़ाने के लिए इसके शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें करिश्मा, वेनेला किशोर, जबरदस्त इमैनुएल और अन्य शामिल हैं, प्रत्येक स्क्रीन पर अपना अनूठा आकर्षण ला रहे हैं। प्रतिभाशाली चौतन भारद्वाज द्वारा रचित संगीत के साथ, यह फिल्म न केवल एक मनोरम कथा बल्कि एक आनंददायक श्रवण अनुभव भी पेश करने के लिए तैयार है। जैसे ही इसकी रिलीज की उलटी गिनती शुरू होती है, गम गम गणेशा दर्शकों को एक यादगार सिनेमाई यात्रा सुनिश्चित करते हुए भरपूर मात्रा में हंसी, रोमांच और मनोरंजन देने का वादा करता है।

# अजय की फिल्म मैदान की दैनिक कमाई में आया उछाल, बड़े मियां छोटे मियां का बुरा हाल



अमित शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मैदान का खुमार चौथे सप्ताह में भी दर्शकों के सिर चढकर बोल रहा है।इस फिल्म में पहली बार अजय देवगन और प्रियामणि की जोड़ी बनी है। फिल्म की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर मैदान ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई। लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई एक बार फिर करोड़ों में कारोबार कर रही है। अब मैदान की 25वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, चौथे रविवार को इस फिल्म ने 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 48.40 करोड़ रुपये हो गया है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मैदान के मुताबिक हाल–बेहाल है।फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।सैकनिल्क के मुताबिक, 25वें दिन यानी चौथे मंगलवार बड़े मियां छोटे मियां ने 70 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 63.75 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ भी हैं।

# अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन, जल्द शुरू होगी शूटिंग

साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया . अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है. फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है. इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है.साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था. तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे. वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है. साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है.जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है. इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. कैप्शन में लिखा है– हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं.अभिषेक बच्चन ने भी फिल्म में वापसी करने के बाद अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है. एक्टर ने कहा कि– हाउसफुल मेरी फेवरेट कॉमेडी फ्रचाइंची है. अब इस फिल्म में वापस आकर बिल्कुल घर जैसा फील हो रहा हैसाजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है. मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए भी बहुत एक्साइटिड हूं. मैं अपने प्यारे दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ फिर से काम करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं. मैं दोस्ताना के बाद अब उनके साथ दोबारा काम करने जा रहा हूं. फिल्म में अभिषेक के साथ ही रितेश देशमुख और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे. इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में इस बार अनिल कपूर और नाना पाटेकर भी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा चंकी पांडे का भी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2025 में 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# नम्रता सेठ ने किया खुलासा, गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान

एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे।वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ–साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की।नम्रता सेठ ने कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है।अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी–नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं।नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है।



उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन्वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है। जब मैं घर पर होती हूं, तो मैं अपने बालों में तेल लगाकर रखती हूं, जिससे मेरे बालों की ग्रोथ हो सके। मैं अपने बालों को कंडीशन करने की कोशिश करती हूं।अपनी फिटनेस रूटीन के बारे में बात करते हुए नम्रता ने कहा, मैं हर दिन किसी न किसी तरह की फिटनेस रूटीन को शामिल करने की कोशिश करती हूं, भले ही वह कम दूरी की वॉक ही क्यों न हो। मुझे लगता है कि एक्टिव रहना वास्तव में जरूरी है, एक्टिव रहने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मैं अपने दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करती हूं। इसके बाद मैं अपनी बॉडी को एक्टिव रखने के लिए या तो जिम जाती हूं या डांस या बॉक्सिंग क्लास...

# 1965 घंटे लगाकर तैयार की थी मेट गाला के लिए 1965 की साड़ी, लेकिन एक्ट्रेस ने लुक डिस्क्रिप्शन में कर दी गड़बड़ी

आलिया का आउटफिट और स्टाइल सब लाजवाब था और उन्होंने रेड कार्पेट पर अपने आउटफिट को बखूबी कैरी किया लेकिन अपने लुक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस से बड़ी गलती हो गई। अब लोगों को एक्टर की ये गलती नजर आने लगी है तो आइए जानते हैं कि इस बार आलिया भट्ट से क्या गलती हो गई।बॉलीवुड अदाकारा आलिया भट्ट ने मेट गाला 2024 में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराई है। आलिया ने मेट के इस साल के संस्करण के लिए मिंट ग्रीन फ्लोरल प्रिंट सब्यसाची साड़ी को चुना आलिया का आउटफिट और स्टाइल सब लाजवाब था और उन्होंने रेड कार्पेट पर अपने आउटफिट को बखूबी कैरी किया। लेकिन अपने लुक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस से बड़ी गलती हो गई अब लोगों को एक्टर की ये गलती नजर आने लगी है। तो आइए जानते हैं कि इस बार आलिया भट्ट से क्या गलती हो गई।आलिया भट्ट ने वोग से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपने आउटफिट की स्टाइलिंग और खासियतों के बारे में बात की और अपने मेट गाला 2024 लुक को तैयार करने के लिए की गई कड़ी मेहनत के बारे में भी बताया। एक्ट्रेस ने काफी तनाव के साथ अपनी बात रखी और कहा कि वह आंकड़ों को सटीक तरीके से पेश करना चाहती थीं लेकिन इतना कहने के बाद भी उन्होंने गलत आंकड़े पेश कर दिए आलिया भट्ट ने बातचीत के दौरान कहा, श्ये सब हाथ से बनाया गया है मुझे इसे सही करने दें क्योंकि शिल्प कौशल के लिए आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं, इस साड़ी को बनाने में 1905 मानव–घंटे लगे हैं। हालांकि, एक्टर द्वारा दिया गया ये आंकड़ा सही नहीं था। आलिया भट्ट और मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है

# राशि खन्ना ने आफ शोल्डर बाडीकान ड्रेस में कराया हाट फोटोशूट, एक्ट्रेस के किलर पोज देख फैंस हुए घायल

फर्जी वेब सीरीज से फेम हासिल करने वाली अदाकारा राशि खन्ना सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से यूजर्स को घायल करती रहती हैं. एक्ट्रेस राशि खन्ना आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर के फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देता है। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राशि खन्ना का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस उन पर अपना दिल हार गए हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने हॉट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक–धक करने लग जाएगा. राशि खन्ना ने ब्लैक कलर का ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी



से वारल हो रही है.साथ ही उनके फैंस अपनी चहेती की हॉटनेस देख घायल हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं।

# तैयार की थी मेट गाला के लिए आलिया भट की साड़ी, लेकिन एक्ट्रेस ने लुक डिस्क्रिप्शन में कर दी गड़बड़ी



आलिया का आउटफिट और स्टाइल सब लाजवाब था और उन्होंने रेड कार्पेट पर अपने आउटफिट को बखूबी कैरी किया। लेकिन अपने लुक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस से बड़ी गलती हो गई। अब लोगों को एक्टर की ये गलती नजर आने लगी है। तो आइए जानते हैं कि इस बार आलिया भट्ट से क्या गलती हो गई। बॉलीवुड अदाकारा आलिया भट्ट ने मेट गाला 2024 में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराई है। आलिया ने मेट के इस साल के संस्करण के लिए मिंट ग्रीन फ्लोरल प्रिंट सब्यसाची साड़ी को चुना। आलिया का आउटफिट और स्टाइल सब लाजवाब था और उन्होंने रेड कार्पेट पर अपने आउटफिट को बखूबी कैरी किया। लेकिन अपने लुक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस से बड़ी गलती हो गई। अब लोगों को एक्टर की ये गलती नजर आने लगी है। तो आइए जानते हैं कि इस बार आलिया भट्ट से क्या गलती हो गई। आलिया भट्ट ने वोग से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपने आउटफिट की स्टाइलिंग और खासियतों के बारे में बात की और अपने मेट गाला 2024 लुक को तैयार करने के लिए की गई कड़ी मेहनत के बारे में भी बताया। एक्ट्रेस ने काफी तनाव के साथ अपनी बात रखी और कहा कि वह आंकड़ों को सटीक तरीके से पेश करना चाहती थीं, लेकिन इतना कहने के बाद भी उन्होंने गलत आंकड़े पेश कर दिए। आलिया भट्ट ने बातचीत के दौरान कहा, श्ये सब हाथ से बनाया गया है।

# जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन – शाही

## सबके प्रयास से सबका विकास ही भाजपा का मंत्र - शशांक

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। पथरदेवा विधानसभा के मुजुरी में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रति जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिसका कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व और पूरे होते वादे । पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है, हमारा देश बहुत तेजी के साथ आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अराजकता और गुंडागर्दी पर लगाम लगाया गया है । सदियों की प्रतीक्षा के बाद करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र भगवान राम अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं । जनता में अति उत्साह है । सभा को सम्बोधित करते हुए देवरिया लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के वजह से और सबके प्रयास से सबका विकास की नीति के वजह से है । उन्होंने कहा कि सघन जनसंपर्क और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर किस प्रकार अधिक से अधिक मतदान कराया जाए इस बात की चिंता हमारे सम्मानित कार्यकर्ता और पदाधिकारी कर रहे हैं । पार्टी के हर कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर लाभार्थियों से संवाद करे तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति जागरूकता लाकर प्रत्येक मतदाता की उपस्थिति सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि पिछले दो चरणों के चुनावों में पूर्व की अपेक्षा मत प्रतिशत में कमी आई है इस नाते हम लोगों का ये दायित्व है कि राष्ट्र हित में हर मतदाता को उसके वोट की कीमत बताएं । उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयास से एक नए देवरिया का निर्माण संभव हो सकेगा । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र प्रताप राव, ब्लाक प्रमुख रामशीष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जीवन पति त्रिपाठी, अवधेश सिंह, अंबुज शाही सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पाइप लाइन से गंदे पानी की आपूर्ति से आक्रोश

चित्रकूट (आरएनएस)। पाइप लाइन से घरों में गंदे पानी की सप्लाई किए जाने को लेकर स्थानीय निवासियों ने आक्रोश जताया है। कहा कि भीषण गर्मी के बीच इस पानी के उपयोग करने से बीमारी फैलने की संभावना है। जिससे मजबूरी में हैंडपंप से पानी भरना पड़ता है। कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी अनसुना कर रहे हैं।मुख्यालय कर्वी के गांधीगंज निवासी शुभम केसरवानी, शुभम गुप्ता आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में मटमैले पानी की सप्लाई की जा रही है। पानी से बदबू भी आती है। गंदा व कीडायुक्त पानी बोतल में लेकर संबधित विभाग के अधिकारियों को दिखाया, लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हो रहा है। गोला बाजार निवासी कुलदीप गुप्ता, महेंद्र केशरवानी, राजा, पप्पू, बच्चा केशरवानी बताया कि जल संस्थान के माध्यम से शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसमें तीन दिनों से अधिक मटमैला पानी आता है। पूरे मामले में जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता डीके सत्संगी ने बताया कि उनके विभाग में ऐसी कोई शिकायत लेकर नहीं पहुंचा। यदि कोई जानकारी देगा तो मौके पर टीम भेजकर सही कराया जाएगा।

# अज्ञात युवती का मिला शव, हत्या की आशंका

राजापुर (चित्रकूट) (आरएनएस)। पड़ोसी जिले की सीमा से लगभग दो किमी दूर राजापुर के तीरमऊ में 22 साल की युवती का शव मिला। प्रथम दृष्टया इसकी गला घोंटकर हत्या की गई। इसके बाद कहीं से लाकर इसे ऊंचाई से जंगल के बीच पहचान छिपाने के उददेश्य से फेंका गया है। पुलिस आसपास के सभी थानों में युवती की फोटो भेजकर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मंगलवार को कौशांबी जिले के कुछ लोग अपने परिवार की गायब युवती की संभावना पर पहचान करने आए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। गुलाबी रंग का छींटदार सलवार कुर्ता पहने युवती का शव थाना क्षेत्र के तीरमऊ जंगल के सूखे नाले के पास मिला है। इस स्थान से कुछ दूरी पर चार पहिया वाहन के टायर के निशान भी मिले हैं। ऐसे में पुलिस का मानना है कि कहीं से युवती की हत्या कर इसे लाकर यहां फेंका गया है। उसके गले में निशान हैं। अन्य चोट के निशान उसे फेंकते समय लगने की संभावना है।थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या किये जाने की संभावना है, लेकिन सही जानकारी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से होगी। उसके शरीर में कपड़ों के अलावा कोई माला, अंगूठी आदि नहीं मिली है। कुछ स्थान पर चार पहिया वाहन के टायर व कुछ स्थान पर जूते के निशान मिले हैं। सभी दृष्टि से जांच कराई जा रही है। अक्सर आसपास के जिले से हत्या कर शव की शिनाख्त छिपाने के लिए इस तरफ के जंगल में शव फेंकने की संभावना पर कौशांबी व फतेहपुर के कई थानों से भी जानकारी की जा रही है।

# प्रयागराज जंक्शन में पहली बार स्लीपिंग पाड का लुत्फ उठाएं

## इसी महीने शुरू हो रही है स्लीपिंग पाड की सुविधा

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है। सरकार की तरफ से इनके ठहरने के लिए के लिए नव्य व्यवस्था की जा रही है। पहली बार इनके ठहरने के लिए स्लीपिंग पॉड की भी व्यवस्था की जा रही है जिसे इसी महीने यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा।

महाकुंभ आने वाले यात्रियों और पर्यटकों में सबसे बड़ी तादाद ट्रेन से आने वाले लोगों की होती है। इनके ठहरने के लिए प्रयागराज जंक्शन में पहली बार स्लीपिंग पॉड भी तैयार किए गए हैं।

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिविजन में प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन में ये स्लीपिंग पॉड तैयार हो रहे हैं। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के मुताबिक जंक्शन रेलवे स्टेशन के सिविल लाइंस साइड में पौने दो करोड़ की लागत से 115 स्लीपिंग पॉड बनकर तैयार हो गए हैं। तैयार हुए इन स्लीपिंग पॉड में 20 लेडीज यात्रियों के लिए 16 कपल के लिए और 04 फैमिली के लिए होंगे। दो मंजिला भवन में इनका निर्माण पीपीपी मॉडल पर दिल्ली की एक कंपनी पीयूष ट्रेडर्स ने किया है जो अब लगभग बनकर तैयार हैं। स्लीपिंग पॉड में अब केवल एसी कनेक्शन का कार्य बाकी है। मई महीने के आखिर तक यह सेवा यात्रियों के लिए खोल दी जायेगी।

स्लीपिंग पॉड दरअसल एक कैप्सूल के आकार के चौंबर होंगे जो सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे । रेल यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ये पॉड तैयार किए गए हैं। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यों को भी पूरा करने की सभी सुविधाएं होगी । पूरी तरह वातानुकूलित इस पॉड में चार्जिंग और पेय जल की सुविधा भी होगी । पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूमध्टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसका किराया 12 घंटे के लिए 500 से 1500 के बीच होगा। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

# प्रख्यात लेखिका डा आशा उपाध्याय साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित

प्रयागराज(आरएनएस)। साहित्यिक शैक्षिक उपलब्धियां के लिए हंसवाहिनी संस्था ने प्रख्यात लेखिका, शिक्षाविद डॉ आशा उपाध्याय को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था हंसवाहिनी के तत्वाधान में सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी प्रख्यात साहित्यकार सुधांशु उपाध्याय के अध्यक्षता में उनके निज निवास अशोकनगर में आयोजित हुई। जिसमें संस्था के महासचिव शैलेंद्र मधुर, सचिव, डॉ आभा श्रीवास्तव, युवा कवि अमित जौनपुरी, योगेश ओझा झमाझम ने डॉ आशा उपाध्याय को उनकी साहित्यिक एवं शैक्षिक सामाजिक गतिविधियों मैं उल्लेखनीय योगदान हेतु साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान में अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात साहित्यकार सुधांशु उपाध्याय ने कहा कि संस्कार एवं सम्मान से समाजिक विसंगतियों को दूर किया जा सकता है। प्रख्यात शिक्षाविद् अनेक सम्मान से अलंकृत लेखिका डॉ आशा उपाध्याय ने साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित होने के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कारों की जननी है, आज की युवा पीढ़ी को आवश्यकता है कि अपनी संस्कृति का सम्मान करते हुए साहित्य और संस्कृति की पताका को न केवल उच्च शिखर तक पहुंचाने का कार्य करें बल्कि गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत अपने गुरुजनों एवं श्रेष्ठ जनों का सम्मान करें ।संस्था की सचिव एवं प्रख्यात उद्घोषिका डॉ आभा श्रीवास्तव मधुर ने संचालन करते हुए कहा कि डॉ आशा उपाध्याय प्रयाग की गौरव है। महासचिव प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर ने कहा कि वरिष्ठ जनों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ आशा उपाध्याय का साहित्य लेखन चुनौतियों को स्वीकार करता है।

# अर्की-सरधुवा के बीच बनाया जाए पक्का मार्ग

चित्रकूट (आरएनएस)। तहसील राजापुर के ग्राम अर्की व सरधुवा के बीच कुछ रास्ता कच्चा व शेष पक्का बना है। वर्तमान समय में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के नेता जब इन ग्रामों में अपने पक्ष में वोटो की फरियाद करते है तो ग्रामों के लोग काफी अर्से से अधूरा कच्चा मार्ग बनवाने की मांग करते हैं। कई ग्रामीणों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रकरण उठाया गया था। आश्वासन मिलने के बावजूद अभी तक मार्ग पक्का नहीं हो सका। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

ग्राम सरधुवा व अर्की के ग्रामीणों में सुबेदार, प्रदीप कुमार, बल्लूराम आदि ने बताया कि सरधुवा और अर्की के बीच बना रास्ता पक्का बनाने के दौरान छोड़ दिया गया था। जिसे काफी अर्से से नहीं बनवाया गया है। बताया कि इसी रास्ते से बच्चों के स्कूल जाने के वाहन व एम्बुलेंस आदि आवागमन करते हैं। कच्चा मार्ग होने के चलते जिस एम्बुलेंस के आनन फानन संबंधित अस्पताल पहुंचना चाहिए वह नहीं पहुंच पाता। वर्षाकाल में मार्ग में पानी भर जाता है। जिससे आवागमन दूभर हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मार्ग को पक्का कराया जाए।

# 280 वकीलों के परिवार को मिलेंगे 5-5 लाख रुपये

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश न्यासी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि यूपी के 280 वकील जिनकी मौत हो चुकी है उनके परिवारों को 5–5 लाख रुपए दिए जाएंगे। पिछले सालों में 70 साल से कम उम्र में जिन वकीलों की मौत हुई है उन वकीलों के परिवारों को आर्थिक मदद के तौर पर पांच छ5 लाख देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे 280 अधिवक्ताओं की सूची पर अंतिम मुहर लग गई है।महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इस मामले को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने की।

# 54 लीटर कच्ची शराब बरामद

चित्रकूट (आरएनएस)। कोतवाली कर्वी के एसआई राजीव कुमार सिंह ने टीम के साथ अवधेश निषाद पुत्र बिहारीलाल निवासी डिलौरा को 14 लीटर कच्ची शराब, मारकुंडी थाना के एसआई रमजानी खान ने रामचरन पुत्र पराग निवासी धोबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब व एसआई यूटी हर्षित मिश्रा ने टीम के साथ परशु पुत्र शिवमोहन निवासी धोबहरा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# उल्टी, दस्त, बुखार के दस मरीज भर्ती

चित्रकूट (आरएनएस)। जिला अस्पताल में उल्टी, दस्त, बुखार व पेटदर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी है। सोमवार को नई बाजार निवासी रमेश कुमार की पांच वर्षीय पुत्र अंशू, सगवारा निवासी महेंद्र का छह वर्षीय पुत्र दिव्यांश, कोठिलिहाई निवासी मुन्नी देवी (60), बेलहा निवासी सूर्यभान की पुत्री सपना (18), सोनेपुर निवासी पप्पू की तीन माह की पुत्री श्रेया, गड़ौली निवासी कमल सिंह का दस वर्षीय पुत्र शुभम, करौंहा निवासी मातादीन (50), बछरन निवासी रामेश्वर प्रसाद (60), बनाड़ी निवासी सोनिया (60), कोठिलिहाई निवासी छोटा प्रसाद (30) को उल्टी दस्त, पेट दर्द व बुखार के चलते भर्ती कराया गया है।

# सूरज की तपिश बढ़ा रही लोगों की मुश्किले

चित्रकूट (आरएनएस)। जिले में तीन दिनों से मौसम का तापमान बढने से भीषण तपिश बढ़ गई है। दोपहर को सडकों में निकलना भी मुश्किल हो जााता है। आसमान से आग बरस रही है। सडकों में दोपहर बाद सन्नाटा छा जाता है। जिलें में रविवार व सोमवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा है।

मंगलवार को भी सूरज के तेवर पूरे शवाब पर रहे। सुबह से ही लोगों को तपिश बढने लगी जो दोपहर बाद परवान चढ़ गया। भीषण गर्मी के कारण घरों में ही लोग दुबके रहे। सडकों में सन्नाटा छाया रहा। जरूरी काम से जो लोग घरो से निकले वह हाथ में पानी की बोतल सिर में छाता व शरीर को पूरी तरह से ढककर निकले। रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस अड्डे में भी नाममात्र के राहगीर दिखे। तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री रहा।

# वैशाखी अमावस्या आज, श्रद्धालुओं ने डाला डेरा

चित्रकूट (आरएनएस)। वैशाख माह की अमावस्या आज बुधवार को है। भीषण गर्मी होने के बावजूद एक दिन पहले मंगलवार को ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा डाल दिया है। अमावस्या मेला की तैयारी को लेकर यूपी–एमपी क्षेत्र में मेला की व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अनुमान है कि दो लाख से अधिक श्रद्धालु मेले में मंदाकिनी में डुबकी लगाएंगे। गर्मी से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए कुछ स्थानों पर टेंट व पीने के पानी के टैंकर खड़े कराये गए हैं। वैशाखी अमावस्या में एक दिन पहले ही श्रद्धालु धर्मनगरी में पहुंचने लगे हैं। अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई श्रद्धालु तो इस बार ढोल नगाड़े के साथ पहुंच रहे हैं। हमीरपुर से आए श्रद्धालु हेमंत, श्रवण ने बताया कि वैशाख माह की अमावस्या पर हर साल वह लोग परिवार सहित चित्रकूट तीर्थ स्थान पर आते हैं। इस साल गर्मी अधिक होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेय पदार्थ का अधिक सेवन कर रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर प्रमुख स्थानों पर खड़े करने के निर्देश दिए हैं। डीएम अभिषेक आनंद, एसपी अरूण कुमार सिंह के अलावा चित्रकूट मप्र के एसडीओपी रोहित राठौर ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# पत्नी को मौत के घाट उतारने पर पति को उम्रकैद

चित्रकूट (आरएनएस)। घर में सो रही पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के बाद गांव के विरोधियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा कला गांव के निवासी रामराज कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 29 नवंबर 2020 की रात उसके घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पत्नी संगीता देवी की हत्या कर दिया। उसने बचाने की गुहार लगाते हुए शोरगुल किया तो हमलावर उसे भी घसीट कर ले जाने लगे। इस दौरान पत्नी की लाश देख कर वह बेहोश हो गया। वादी ने इस मामले में अपनी भाभी गायत्री देवी व संतोष कुशवाहा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए थे कि वादी रामराज कुशवाहा ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद से अब तक हत्यारोपी रामराज जेल में बंद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी रामराज को आजीवन कारावास की सजा के साथ 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# पत्रक वितरित कर मतदान को किया प्रेरित

चित्रकूट (आरएनएस) । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत छात्र–छात्राओं के बीच पत्रक वितरित किए। साथ ही आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सदर ब्लाक के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए बांदा–चित्रकूट संसदीय सीट में मतदान होना है। 5वें चरण के लिए होने जा रहे इस मतदान में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद लोकतंत्र के महापर्व को उत्सव के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरण अभियान के पत्रक मतदाताओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं। जिला संगठन मंत्री राम जी ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश की समग्र उन्नति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से ही सत्ता स्थापित होती है और लोक के लिए कार्य करती है। लोकसभा चुनाव के रूप में अब यह लोकतांत्रित उत्सव का क्षण आ गया है। इस मौके पर प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य नीतेश त्रिपाठी, सत्या पांडेय, शिवम निषाद, रामपाल आदि मौजूद रहे।

# हीट बेब से बचाव के लिए बरतें सावधानी एडीएम

चित्रकूट। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान सम्भावित भीषण गर्मी व लू के दृष्टिगत बचाव बेहद जरूरी है। मतदाताओं को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़े इसके लिए सावधानी अत्यंत आवश्यक हैं। सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। धूप से बचाव को छाता एवं सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहने। पीने योग्य शीतल जल की बोतल रखें। सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक के सेवन से बचें। बासी भीजन से बचते हुए हल्के एवं ताजे बने भोजन ले। प्रत्येक मतदान दल को किट प्रदान की जाएगी। प्रत्येक. मतदेय स्थल पर छाया की व्यवस्था कराएं। पर्याप्त संख्या में कुर्सी, दरी आदि रखें। ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो।

# साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

चित्रकूट (आरएनएस)। मतदान तिथि 20 मई को जनपद में अधिकाधिक मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देशन में स्वीप योजना के अंतर्गत मंगलवार को आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने साइकिल रैली निकाली। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस छात्र भी मौजूद रहे। कस्बे के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। रैली मानिकपुर के विभिन्न मार्गों से घूमती हुई तहसील प्रांगण में समाप्त हुई। छात्र–छात्राओं ने हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक किया। कस्बे के मतदाताओं को बताया गया कि 20 मई मतदान के दिन सभी अपने घरों से निकलकर बूथो में जाएं और अपने पसंद के उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए मतदान करें। इस अवसर पर तहसीलदार मानिकपुर, एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार मिश्र, स्काउट प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद पाल, रविशंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सुलह करा परिवार को टूटने से बचाया

चित्रकूट (आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराया है। मुख्यालय के तरौंहा छीपन मोहल्ला के जयदेवदास अखाड़ा निवासी अलबिया बानों ने पति मुस्कीम पुत्र इस्लाम निवासी फतेहगंज पैट्रोल पम्प के पास बांदा के विरुद्ध गालीगलौज, मारपीट व दहेज के लिये प्रताड़ित करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगनी श्रीवास्तव, अनामिका सिंह ने दूसरे पक्ष से सम्पर्क कर पुलिस कार्यालय बुलाया। जहां दोनों पक्षों को समझाया गया। जिससे दोनो पक्षो में सुलह हो गया।

# पुलिस ने चोर को दबोचा, तमंचा–रुपए बरामद

चित्रकूट (आरएनएस)। थाना राजापुर पुलिस ने चोर को चोरी के 15 सौ रुपये, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया कि 14 अक्टूबर 2023 को राजरानी पत्नी बृजकिशोर निवासी नादिन कुर्मियांन ने थाने में सूचना दी थी कि घर से अज्ञात चोरों ने नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है।

# डीएम ने चुनाव तैयारियों को लेकर की बिन्दुवार समीक्षा

चित्रकूट (आरएनएस)। डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में निर्वाचन से ईवीएम कमिशनिग की तैयारी, वृद्ध, दिव्यांग, आसक्त मतदाताओं के पोस्टल वोटिंग सेंटर, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, पोस्टल वैलेट फैसिलिटेशन सेंटर, बीएलओ के मतदाता पर्ची वितरण, मतदाता रोल वर्किंग व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक हुई ।बैठक में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के संबंध में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि समय से प्रशिक्षण कर दिया जाएगा। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण दो बड़े–बड़े कमरों में एक साथ कराएं। बूथ लेवल ऑफीसरों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में कहा कि समय के अनुरूप पर्ची वितरण किया जाए। उन्होंने पोस्टल वैलेट फैसिलिटी सेन्टर की तैयारी के संबंध में कहा कि समय से ट्रेनिंग एवं वैलेट बॉक्स भी रखें। उप जिला अधिकारी कर्व व मऊ को निर्देशित किया कि दोनों विधानसभा में ईडीसी रजिस्टर भी बनाएं। कमिश्निंग की तैयारी के बारे में जानकारी की। एडीएम को निर्देशित किया कि समय से तैयारी करें। कमिश्निंग स्टाफ को आईडी कार्ड समय से दें। कमिश्निंग की सूचना आरओ के स्तर से जाएगी। कमिश्निंग हाल में लाइट, पंखा, पानी भी लगाना सुनिश्चित करें। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा को भी लगवाए। उन्होंने कहा कि वेब कास्टिंग के लिए कलेक्ट्रेट में व्यवस्था की जाए। कंट्रोल रूम में पीठासीन, आरओं आदि के नंबर सहित लैंडलाइन फोन भी रहें। उन्होंने पिंक बूथ के लिए उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिशासी अधिकारियों से अच्छा सजाएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श बूथ के लिए ग्राम पंचायत से बात करें। इस अवसर पर एडीएम उमेशचंद्र निगम, सदर एसडीएम सौरभ यादव, मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

चित्रकूट (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में मंगलवार को नगर पालिका परिषद कर्वी कार्यालय के पास से रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। पुरानी बाजार, बस स्टाप, धनुष चौराहा होते हुए पटेल तिराहा पर रैली समाप्त हुई। डीएम ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढाना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि 20 मई को अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर एडीएम उमेशचन्द्र निगम, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव, अपर सांख्यिकी अधिकारी बीएल यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।